विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 66 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 06 दिसम्बर 2025 डाक 07 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
पटना में बिहार राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान निर्दलीय एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने विरोध प्रदर्शन किया


**देश-विदेश**
अनमोल बिश्नोई की रिमांड बढ़ी एनआईए मुख्यालय में सुरक्षा घेरे में हुई सुनवाई, 7 दिन और हिरासत में


**फीचर पेज**
ऊन की स्कर्ट को स्टाइल करने के बेहतरीन तरीके



## आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि कहा- लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया

**नईदिल्ली 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**



डॉ. बी. आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि हर साल 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई जाती है, ताकि राष्ट्र के लिए उनकी बेहतरीन सेवाओं को याद किया जा सके। परिनिर्वाण, जिसे बौद्ध धर्म के मुख्य सिद्धांतों और लक्ष्यों में से एक माना जाता है, एक संस्कृत शब्द है जिसका मतलब है मृत्यु के बाद मुक्ति या आज़ादी। इसी तरह से डॉ. बी. आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि को भी इसी तरह से मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को याद करता हूं। न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता और अटूट प्रतिबद्धता हमारे राष्ट्र का निरंतर मार्गदर्शन करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आंबेडकर ने पीढ़ियों को मानवीय गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया। मोदी ने कहा, विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करते हुए उनके आदर्श हमारा मार्गदर्शन करते हैं। प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के साथ संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल में आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. बी.आर. अंबेडकर पुण्यतिथि 2024, 6 दिसंबर को मनाया जाने वाला महापरिनिर्वाण दिवस, भारतीय संविधान के जनक डॉ. बी.आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि है। डॉ. अंबेडकर एक प्रमुख नेता थे जिन्होंने आधुनिक भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष के तौर पर, डॉ. अंबेडकर ने सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया। संविधान सभा में उनके योगदान ने एक लोकतांत्रिक और समावेशी भारत की नींव रखी। डॉ. अंबेडकर ने जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में पहले कानून और न्याय मंत्री के रूप में भी काम किया, जहाँ उन्होंने महत्वपूर्ण कानूनी सुधारों पर काम किया। बाद में, उन्होंने हिंदू धर्म की जाति-आधारित असमानताओं को अस्वीकार करते हुए बौद्ध धर्म अपना लिया, और दलित बौद्ध आंदोलन के लिए एक मार्गदर्शक व्यक्ति बन गए, जिसने लाखों लोगों को सामाजिक समानता और सम्मान के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया।

### राहुल गांधी ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को किया याद



कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने डॉ. आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर याद करते हुए एक पोस्ट में लिखा, बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनकी समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की विरासत संविधान बचाने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है और भारत और समावेशी और करुणाशील भारत बनाने में हमारे एकजुट संघर्ष को प्रेरित करती है। संसद परिसर में डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा आंबेडकर जी एक आइकॉन हैं। उन्होंने पूरे देश को रास्ता दिखाया, उन्होंने हमें संविधान दिया। इसलिए, हम उन्हें याद करते हैं और उनके विचारों और संविधान की रक्षा करते हैं। हर भारतीय का संविधान खतरे में है। हम इसकी रक्षा करते हैं, नागरिक इसकी रक्षा करते हैं।

### खरगे ने लिखा- डॉ. आंबेडकर सामाजिक न्याय की सबसे मजबूत आवाज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए लिखा, डॉ. आंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण



दिवस पर हम संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय की मजबूत आवाज को दिल से धन्यवाद देते हैं। बाबा साहेब आंबेडकर अपनी पूरी जिंदगी बराबरी, भाईचारे और न्याय के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के लिए मजबूती से खड़े रहे। आज हमसे उन मूल्यों को बनाए रखने, बचाने की उम्मीद की जाती है, जिनके लिए वे जिए। देश को उनका सबसे बड़ा तोहफा, भारत का संविधान है।

## इंडिगो के यात्रियों पर आज भी भी संकट, देशभर में कई उड़ानें रद, एयरपोर्ट पर लोगों की कतार



**नईदिल्ली 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

इंडिगो एयरलाइन के विमानों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए शनिवार का दिन भी परेशानियों वाला है। लगातार पांचवें दिन भी एयरलाइन ने अपनी कई उड़ानों को रद किया है। इससे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल है। दरअसल, एयरलाइन ने पहले ही बयान जारी कर कहा था कि स्थिति को सामान्य होने में कम से कम दो से तीन दिन का वक्त लगेगा। शनिवार को तिरुवनंतपुरम और अहमदाबाद एयरपोर्ट पर कई फ्लाइट कैंसिल हुईं। अधिकारियों के अनुसार, तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दिन भर में छह डोमेस्टिक फ्लाइट्स रद हुईं, जिससे खास रूट पर पैसेंजर के ट्रैवल प्लान पर असर पड़ा। जानकारी के अनुसार, एयरलाइन ने कुल 26 फ्लाइट्स शेड्यूल की थीं, जिनमें डोमेस्टिक और इंटरनेशनल दोनों तरह की फ्लाइट्स शामिल थीं। एयरपोर्ट के अधिरियों के अनुसार, इंडिगो की 6 दिसंबर के लिए 22 डोमेस्टिक फ्लाइट शेड्यूल थीं, जिनमें 11 फ्लाइट्स आना और 11 फ्लाइट्स जाना शामिल हैं, साथ ही चार इंटरनेशनल ऑपरेशन, दो फ्लाइट्स आना और दो फ्लाइट्स जाना शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन उड़ानों को रद किया गया है, उनमें छह डोमेस्टिक फ्लाइट्स में तीन फ्लाइट्स आना और तीन फ्लाइट्स जाना शामिल हैं। उड़ानों के रद होने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, अहमदाबाद एयरपोर्ट पर भी ऑपरेशन पर असर पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि 6 दिसंबर को रात 12 बजे से सुबह 6 बजे के बीच सात आने वाली और 12 जाने वाली फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। कई एयरपोर्ट पर रुकावटें हाल के हफ्तों में एयरलाइन के सामने आ रही ऑपरेशनल चुनौतियों को दिखाती हैं।

इंडिगो एयरलाइन ने शनिवार को भी बड़ी संख्या में अपनी उड़ानें निरस्त कर दीं। लखनऊ से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे और गुवाहाटी सहित कई शहरों की उड़ानें निरस्त कर दी गई हैं। एयर इंडिया की भी दो उड़ानें निरस्त हो गई हैं। लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह से ही यात्रियों के बीच अफरातफरी मची हुई है। इंडिगो के बोर्डिंग काउंटर पर परेशान यात्रियों और इंडिगो एयरलाइन के कर्मचारियों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। रिफंड और दूसरे विमानों के विकल्प के लिए यात्रियों की लंबी लाइन लगी हुई है। हालांकि इन काउंटर पर यात्रियों को राहत नहीं मिल रही है। कई यात्री सड़क मार्ग से रवाना हुए।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ईसीआई ने केरल में एसआईआर की डेडलाइन एक हफ्ता बढ़ाई

**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग ने राज्य सरकार के अनुरोध और इस हफ़्ते की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद केरल में चल रहे इलेक्टोरल रोल के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की डेडलाइन एक हफ़्ते के लिए बढ़ा दी है। यह फ़ैसला ECI ने एक आधिकारिक सूचना के ज़रिए केरल के मुख्य सचिव को बताया, साथ ही राज्य के लिए SIR शेड्यूल को रिवाइज करने का एक नया आदेश भी जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर को IUML नेता पी.के. कुन्हालीकुट्टी की याचिका पर सुनवाई करते हुए केरल सरकार को ECI को एक अनुरोध-सह-प्रस्ताव जमा करने की अनुमति दी थी, जिसमें बताया गया था कि एन्यूमरेशन चरण को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय की ज़रूरत क्यों है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला: रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट, कोर्ट ने ईडी को दिया और वक्त

**अगली सुनवाई 24 जनवरी को**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति एवं बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। यह सुनवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लंदन में रह रहे भगोड़े आर्म्स डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई। ईडी ने इस चार्जशीट से जुड़े अतिरिक्त दस्तावेज अदालत में जमा करने के लिए समय की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। विशेष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 24 जनवरी 2026 को निर्धारित कर दी है। इस केस में वाड्रा को आरोपी बनाया गया है। यह मामला 2016 में आयकर विभाग की छापेमारी से शुरू हुआ था, जब संजय भंडारी के दिल्ली स्थित परिसरों पर रेड पड़ी थी। भंडारी एक विवादास्पद रक्षा सलाहकार हैं। उस पर डिफेंस डील्स में कमीशन लेकर विदेशी शेल कंपनियों के जरिए काले धन की मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है। ईडी की जांच के मुताबिक, भंडारी ने 2009 से 2016 के बीच यूएई-रजिस्टर्ड शेल कंपनियों के माध्यम से अवैध कमाई को यूके और दुबई की संपत्तियों में निवेश किया। अधिकारियों के अनुसार, इस साल जुलाई में पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान दर्ज किया गया था।

फेडरल एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी ने रॉबर्ट वाड्रा का संबंध भंडारी से जुड़े विदेशी फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन और प्रॉपर्टीज से बताया, जिस पर पहले से ही विदेश में बिना बताए संपत्ति रखने का आरोप है। भंडारी 2016 में भारत छोड़कर चला गया था। उसे तब से दिल्ली की एक कोर्ट ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया है।

## फर्जी गारंटी घोटाला: ईडी ने रिलायंस पावर के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल



**नईदिल्ली 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने शनिवार को कहा कि उसने बिजनेसमैन अनिल अंबानी की ग्रुप कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड और 10 अन्य के खिलाफ एक टेंडर हासिल करने के लिए 68 करोड़ रुपये की कथित फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट फाइल की है। प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट में नामजद दूसरे आरोपियों में रिलायंस पावर के पूर्व CFO अशोक कुमार पाल, रिलायंस NU BESS लिमिटेड और रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (रिलायंस पावर की सब्सिडियरी), ओडिशा की एक शेल कंपनी बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड, इसके MD पाठ सारथी बिस्वाल, बायोथेन केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और ट्रेड फाइनेंसिंग कंसल्टेंट अमर नाथ दत्ता शामिल हैं। एजेंसी के मुताबिक, कुछ और आरोपियों में रविंदर पाल सिंह चड्ढा, मनोज भैयासाहेब पोंगड़े और पुनीत नरेंद्र गर्ग शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, चार्जशीट प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रोविजन्स के तहत दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में फाइल की गई है। यह मामला 68.2 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी से जुड़ा है, जो लिस्टेड कंपनी रिलायंस पावर की सब्सिडियरी रिलायंस NU BESS लिमिटेड की तरफ से सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड से एक टेंडर हासिल करने के लिए जमा की गई थी।

### कुशीनगर में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले में हुए सड़क हादसेमें एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना कल रात लगभग 11 बजे जिले के नेबुआ-पनियहवा राजमार्ग पर हुई जब रामनगर के निवासी रंजन (35) और दिनकर (30)मोटरसाइकिल से पनियहवा की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि छितौनी कस्बे में पेट्रोल पंप के मोड़ के निकट पहुंचने पर तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

**कम नहीं हो रहीं आजम और अब्दुल्ला की मुश्किलें...**

## सजा बढ़वाने के लिए सेशन कोर्ट पहुंचा अभियोजन, 23 को फैसला



**रामपुर, 06 दिसम्बर ।**

दो पैन कार्ड में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सात साल की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर अभियोजन पक्ष की ओर से सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है। दूसरी ओर सजा के खिलाफ आजम के अधिवक्ताओं ने और राहत की मांग को लेकर कई तर्क दिए हैं। सेशन कोर्ट अब इन दोनों बिंदुओं पर 23 दिसंबर को अपना फैसला सुना सकती है। दो पैन कार्ड में एमपी- एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में शरण ली है। उनके अधिवक्ताओं की ओर से सेशन कोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर की गई है। इसके साथ ही जमानत के लिए भी प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है, जिस पर सेशन कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सात साल की सजा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर अपील दायर की गई। सहायक शासकीय अधिवक्ता सीमा सिंह राणा के अनुसार अभियोजन की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिसमें अभियोजन की ओर से निचली अदालत की ओर से दी गई सात साल की सजा को बढ़ाने की मांग की गई। इस प्रार्थना पत्र पर 23 दिसंबर को सुनवाई होगी।

वहीं दूसरी ओर इस मामले में आजम खां के अधिवक्ताओं की ओर से दाखिल अपील पर बचाव पक्ष की ओर से अतिरिक्त आधार भी दाखिल किए गए। एडीजीसी ने बताया कि दोनों ही प्रार्थना पत्रों पर कोर्ट 23 दिसंबर को सुनवाई करेगी। दो पैन कार्ड मामले में सात साल की सजा काट रहे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट मामले में भी सात साल की कैद व पचास हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई गई है।

## कनार्टक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार 19 दिसंबर तक पेश हों या...,नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली पुलिस का नोटिस

**नई दिल्ली 06 दिसम्बर।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े आर्थिक अनियमितताओं मामलों की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लयू) ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को नोटिस जारी किया है। उनसे वित्तीय लेन-देन और अन्य संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया है। 29 नवंबर को भेजे गए इस नोटिस में शिवकुमार से कहा गया है कि वे 19 दिसंबर तक जांच अधिकारियों के सामने पेश हों या मांगी गई जानकारी उपलब्ध करा दें। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शिवकुमार के पास इस केस से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य और जानकारी मौजूद हैं, जिनकी चल रही जांच में जरूरत है। आर्थिक



अपराध शाखा ने उनसे उनके व्यक्तिगत बैकग्राउंड, कांग्रेस पार्टी से जुड़ाव, और उन फंड्स का पूरा ब्योरा मांगा है, जो कथित तौर पर उनसे या उनसे जुड़े संस्थानों द्वारा यंग इंडियन को भेजे गए थे। जांचकर्ताओं ने बैंक ट्रांसफरों के उद्देश्य, पैसों के स्रोत, यंग इंडियन या एआईसीसी के पदाधिकारियों से किसी संवाद और इन भुगतानों के पीछे किसके निर्देश थे इन सभी बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके अलावा पुलिस ने उनके इनकम टैक्स रिकार्ड, फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स और दान से संबंधित किसी प्रमाणपत्र की प्रतियां भी उपलब्ध कराने को कहा है। वहीं, शिवकुमार के करीबी सूत्रों ने इसे राजनीतिक कार्रवाई बताया और दावा किया कि उन्हें इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वे भाजपा के दबाव में नहीं आए। सूत्रों ने यह भी कहा कि शिवकुमार उन कांग्रेस नेताओं में हैं जिन्हें सबसे ज्यादा परेशान किया जा रहा है, लेकिन इससे उनका मनोबल नहीं टूटेगा। नेशनल हेराल्ड केस 2013 में शुरू हुआ था, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की लगभग 988 करोड़ मूल्य की संपत्तियां, 2010 में हुए एक सौदे के जरिए यंग इंडियन कंपनी को 50 लाख में ट्रांसफर की गईं। यंग इंडियन में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की संयुक्त हिस्सेदारी 76 प्रतिशत है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## हवा 'जहर' बनी: एक्यूआई 400 के पार, अस्पतालों में बढ़े मरीज



**नोएडा, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) ने एक बार फिर खतरनाक स्तर पार कर लिया है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के लगभग हर मॉनिटरिंग स्टेशन पर एयर क्वालिटी 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की जा रही है। कई स्थानों पर एक्यूआई 350 से 400 के बीच पहुंच गया है, जबकि कुछ जगहें 400 के भी पार निकल चुकी हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा जारी आंकड़े बता रहे हैं कि 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक लगभग हर दिन हवा की गुणवत्ता बेहद खराब से गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। नोएडा के सेक्टर 125, 62 और 116 स्थित स्टेशनों पर एक्यूआई क्रमशः 381, 308 और 369 दर्ज किया गया है।

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क –III और नॉलेज पार्क –V में स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां सूचकांक 304 और 358 के आसपास रहा। गाज़ियाबाद का हाल तो और भी बदतर रहा–लोनी में एक्यूआई 403 तक पहुंच गया, जबकि इंदिरापुरम और संजय नगर में भी सूचकांक 300 के ऊपर दर्ज किया गया। दिल्ली के कई इलाकों–मुनडका, नजफगढ़, नेहरू नगर, ओखला, पंजाबी बाग और पटपड़गंज–में एक्यूआई 340 से 380 तक रिकॉर्ड किया गया है। यह स्तर सीधे तौर पर 'स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा' माना जाता है। उधर, मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में प्रदूषण से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। तापमान में भी खास बदलाव नहीं होगा और सुबह का कोहरा बना रहेगा। 6 दिसंबर से 11 दिसंबर तक न्यूनतम तापमान 10-12 डिग्री के बीच और अधिकतम तापमान 23-24 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। हवा की रफ्तार कम होने और प्रदूषक कणों के ऊपर उठने की क्षमता घटने के कारण स्मॉग की स्थिति और बिगड़ सकती है। प्रदूषण का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखने लगा है। अस्पतालों में आंखों में जलन, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ और अस्थमा के बढ़े मामलों की रिपोर्ट की जा रही है।

### वाराणसी पुलिस ने काशी तमिल संगमम् की सुरक्षा के लिए अगली पीढ़ी के 'नैनो ड्रोन' तैनात किए

**वाराणसी।** जिला पुलिस ने काशी तमिल संगमम् के चौथे संस्करण के लिए नयी पीढ़ी के ड्रोन का एक उन्नत बेड़ा तैनात करके निगरानी बढ़ा दी है। वाराणसी आयुक्तालय के पुलिस उपायुक्त सरवणन थंगमणि के अनुसार, 10 सदस्यों वाली एक समर्पित ड्रोन टीम कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम नयी पीढ़ी के ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले साल भी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था लेकिन वह बहुत कम था। हम तीन तरह के ड्रोन इस्तेमाल कर रहे हैं- 'मिनी ड्रोन', 'माइक्रो ड्रोन' और 'नैनो ड्रोन'।'' उन्होंने ड्रोन बेड़े की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'मिनी ड्रोन' अद्वितीय है क्योंकि यह स्वयं चार्ज हो जाता है और यह अन्य बैटरी-आधारित मॉडल के विपरीत चौबीस घंटे काम कर सकता है। उन्होंने बताया, ''यह ड्रोन चौबीस घंटे चालू रहने और किसी भी क्षेत्र में निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने में सक्षम है।''

## जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 19 एवं 20 को

**कोरबा ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयेजन 19 एवं 20 दिसंबर को प्रातः 09:00 बजे से विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा क्रमांक 01, में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में 10 खेल - एथलेटिक्स में 100 मी, 400 मी, तवा फेंक, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी को सम्मिलित किया गया है। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयुवर्ग 09.-18 वर्ष तक एवं 19-35 वर्ष तक महिला-बालिका खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी। विकासखण्ड स्तर पर आयोजित उपरोक्त खेलों से दोनों आयुवर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी-दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। संबंधित खेलों के खेल संघ यदि जिला में सक्रिय है तो उनके दल, जिला स्तरीय आयोजन में सम्मिलित हो सकेंगे। प्रत्येक स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ी की जानकारी निर्धारित पंजीयन प्रपत्र में प्राप्त की जायेगी। एवं संबंधित खेलों के खेल संघ यदि जिले में सक्रिय है तो उनके दल जिला स्तरीय आयेजन में सम्मिलित

## उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान और सुरक्षित देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग की अपील

**कोरबा।** महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान और नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभाग ने बताया है कि जिन महिलाओं में विशेष चिकित्सकीय स्थितियाँ या जटिलताएँ पाई जाती हैं, उन्हें तुरंत अपने नजदीकी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में संपर्क कर आवश्यक परीक्षण और उपचार कराना चाहिए।उच्च जोखिम गर्भावस्था की स्थिति तब मानी जाती है जब गर्भवती महिला की उम्र 35 वर्ष से अधिक या 17 वर्ष से कम हो, या फिर उसे डायबिटीज, थायरॉइड, मिर्गी, उच्च रक्तचाप, हृदय या किडनी संबंधी बीमारी हो। इसके अतिरिक्त दो या दो से अधिक बार गर्भपात होना, पिछला प्रसव ऑपरेशन से होना, सिफीलिस, टीबी या एचआईवी जैसी बीमारियाँ, गर्भ में बच्चे की स्थिति आड़ी, तिरछी या उल्टी होना, पिछली गर्भावस्था में जटिलताएँ रहना, धूम्रपान या शराब सहित अन्य नशे की आदत और एनीमिया जैसी स्थितियाँ भी गर्भावस्था को उच्च जोखिम की श्रेणी में ले आती हैं। उच्च जोखिम की आशंका तब भी हो सकती है जब गर्भवती महिला को अत्यधिक सिरदर्द, धुंधला दिखाई देना, तीव्र पेट दर्द, हाथ-पैर या चेहरे में सूजन, किसी भी प्रकार का रक्तस्त्राव या पानी जैसा रिसाव हो, या फिर पेट में बच्चे की गतिविधि कम महसूस हो। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना अत्यंत आवश्यक है।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच करानी चाहिए, डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाओं का समय पर सेवन करना चाहिए, संतुलित और पौष्टिक आहार लेना चाहिए, पर्याप्त आराम करना चाहिए और तनाव से बचना चाहिए। डायबिटीज और बीपी की स्थिति को नियंत्रण में रखना भी बेहद जरूरी है। प्रसव के लिए समयपूर्व उचित योजना बनाना गर्भवती महिला और शिशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

यदि गर्भवती महिला को किसी भी प्रकार का रक्तस्त्राव हो, बुखार या अत्यधिक दर्द महसूस हो, या फिर बच्चे की हरकत कम हो जाए, तो बिना देर किए तुरंत डॉक्टर या हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पहुँचकर उपचार कराना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों से अपील की है कि किसी भी जोखिम या असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें। समय पर जांच, उपचार और जागरूकता सुरक्षित प्रसव और स्वस्थ मातृत्व की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

## कलेक्टर की अपील: उल्लास''महापरीक्षा अभियान में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें और जेंडर गेप मिटाएँ

**कोरबा ।** कोरबा कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक बंधुओं से अपील की है कि वे प्रौढ़ साक्षरता अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें और समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था शिक्षा के समाजीकरण की उत्कृष्ट व्यवस्था है। सभ्य समाज की कल्पना तभी संभव है, जब समाज का हर नागरिक शिक्षित हो। किसी भी देश या समाज का समग्र विकास तभी हो सकता है, जब उसकी जनता शिक्षा के महत्व को भली भांति समझे।कोरबा जिले में गत दशक में संचालित साक्षरता कार्यक्रमों के विभिन्न सोपानों में प्रौढ़ शिक्षार्थियों ने उत्कृष्ट सहभागिता दी और साक्षरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफलता हासिल की। वर्ष 2025-26 के लिए प्राधिकरण द्वारा जिले को 27 हजार 960 असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य दिया गया है। वर्तमान में जिले के 412 ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है।कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले से जेंडर गेप को कम करने और असाक्षर महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु अपील की है कि वे अपने ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय के वार्ड के असाक्षर महिलाओं एवं पुरुषों को 07 दिसंबर 2025, रविवार, प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक आयोजित प्रौढ़ शिक्षार्थियों की महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करवाएँ। इस महत्त्वपूर्ण अभियान में जितने अधिक से अधिक परीक्षार्थी भाग लेंगे, उतनी ही तेजी से जिले की महिला एवं पुरुष साक्षरता दर में सुधार होगा और जेंडर गेप समाप्त किया जा सकेगा।कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान तभी सफल होगा जब जिले के सभी जनप्रतिनिधि और जागरूक नागरिक पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने सभी से अपील की कि वे असाक्षर महिलाओं एवं पुरुषों को महापरीक्षा में सम्मिलित कराने हेतु प्रेरित करें। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने विश्वास व्यक्त किया कि जिले के नागरिक इस लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभाएंगे और कोरबा जिला साक्षरता में एक उदाहरण स्थापित करेगा।

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कोरबा में जिला स्तरीय आवास मेला का आयोजन 8 से 12 दिसंबर तक

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल हमेशा से ही लोगो को आवासीय कॉलोनी का निर्माण कर विभिन्न वर्गों के लिए किफायती दर पर भवन उपलब्ध कराता है। इसी कड़ी में राज्य बनने के 25 वर्ष पूरा होने पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा प्रदेश स्तर पर 2000 करोड़ की नई आवासीय योजनाए भव्य सफल राज्य स्तरीय आवास मेला रायुपर में 23 नवंबर 2025 को शुरू की गई है। मेले में खरमोरा कोरबा अंतर्गत 370 फ्लैट के आवासीय योजना का भी शुभारंभ किया गया है, जिसमें एम.आई.जी., एल.आई.जी. एवं ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट बनाए जाएगें। हाऊसिंग बोर्ड संभाग कोरबा की ओर से खरमोरा कोरबा में नवीन आवासीय योजना तथा अन्य सभी संपत्तियों की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय आवास मेला का आयोजन कलेक्टोरेट परिसर कोरबा में जिला पंचायत कार्यालय के सामने 08 दिसंबर से 12 दिसंबर तक किया जाएगा। आवास मेला में एक ही जगह पर संभाग-कोरबा अंतर्गत जिला कोरबा एवं प्रदेश की सभी संपत्तियों की

# बक्साही केंद्र में अपने उपज की सुचारू खरीदी से खुश हैं किसान गजानंद कश्यप

### त्वरित एवं पारदर्शी धान खरीदी की व्यवस्था से किसानों को मिली राहत



**कोरबा ।** पाली विकासखण्ड के हरनमुड़ी गाँव के रहने वाले मेहनतकश किसान श्री गजानंद कश्यप इस साल धान विक्रय के नए अनुभव से खासे उत्साहित हैं। उन्होंने धान उपार्जन केंद्र बक्साही में अपने उपजाए हुए लगभग 15 क्विंटल धान का विक्रय किया और पूरी प्रक्रिया को 'बेहद सरल और सहज' बताया। गजानंद बताते हैं कि इस वर्ष उन्हें धान बेचने के लिए न तो लाइन में लगना पड़ा और न ही किसी तरह की भागदौड़ करनी पड़ी। टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप ने उनकी बड़ी परेशानी हल कर दी। अब घर बैठे ही टोकन मिल गया और वे सीधे अपने निर्धारित समय पर केंद्र पहुँचे। वहाँ उनका धान तुरंत खरीदा गया और पूरा काम बिना किसी अड़चन के हो गया।करीब डेढ़ से दो एकड़ जमीन में खेती करने वाले गजानंद कहते हैं कि वे एक लघु कृषक है। अपने भूमि में कड़ी मेहनत से धान की फसल लेते है। इस वर्ष मौसम की मेहरबानी एवं समय पर मिले बीज, खाद व आधुनिक तरीकों का उपयोग से इस वर्ष भी पैदावार अच्छी हुई है। वे बताते हैं कि पिछले वर्ष भी उन्होने लगभग 15 क्विंटल धान विक्रय किया था एवं प्राप्त राशि का उन्होंने समझदारी से उपयोग करते हुए खेत की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने और बेहतर किस्म के बीज खरीदने में किया। जिसका सकारात्मक असर इस वर्ष देखने को मिला।

किसान का कहना है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की स्थिर और भरोसेमंद व्यवस्था ने किसानों के मन में सुरक्षा का भाव पैदा किया है। उन्हें लगता है कि अब किसान निश्चिंत होकर खेती में निवेश कर पा रहे हैं और सरकार की सुविधाएँ खेती को लाभदायक बनाने में मदद कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा लागू की गई किसान-केंद्रित नीतियों की प्रशंसा करते हुए गजानंद बताते हैं कि प्रदेश में कृषकों के लिए जो कदम उठाए गए हैं, उनसे बड़े , मध्यम एवं लघु सीमांत सभी वर्ग के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और उनका मनोबल भी बढ़ रहा है। कृषक गजानंद कश्यप मुस्कुराते हुए कहते हैं इस बार धान खरीदी की व्यवस्था इतनी बेहतर रही कि हमें लगा जैसे हमारी मेहनत का सम्मान हो रहा है। सरकार की सुविधाएँ सचमुच किसानों के भविष्य को सुरक्षित बना रही हैं।

## अवैध धान के विक्रय पर नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा की जा रही सतत कार्यवाही

**कोरबा ।** खरीफ वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुसार समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन कार्य तेजी से जारी है। साथ ही जिले में अवैध धान के विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत' के मार्गदर्शन में एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे के निर्देशन में आज कोरबा के भैंसमा तहसील अंतर्गत 03 स्थानों पर कड़ी कार्रवाई की गई एवं लगभग 122.40 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

जिसके अंतर्गत भैंसमा तहसीलदार श्री के के लहरे एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा तहसील अंतर्गत ग्राम गिद्कुंवारी के किराना व्यवसायी श्री उसियर यादव पिता पंचम यादव के गोदाम का निरीक्षण के दौरान बिना वैध दस्तावेज के भंडारित 200 बोरी (लगभग 80 किवंटल ) धान की जब्त कर सुपुर्दनामे की कार्यवाही किया गया है। इसी प्रकार एक अन्य किराना व्यवसायी जितेंद्र अग्रवाल द्वारा किसान राजू बंजारा के घर 80 बोरी ( लगभग 32 क्विंटल) धान अवैध रूप से रखे पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। साथ ही कृषि उपज मंडी बरपाली में टोकन सत्यापन के दौरान ग्राम फूलसरी निवासी श्री एतन सिंह का 26 बोरी ( लगभग 10.40 क्विंटल) डलवा धान (गर्मी फसल का ) अमानक स्तर का पाए जाने के कारण राजस्व विभाग द्वारा जब्त कर कृषि उपज मंडी के सुपुर्द किया गया है। प्रशासन द्वारा अवैध धान के परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

## मारपीट और चरित्र संदेश से तंग आकर पत्नी ने कर दी पति की हत्या

### कटघोरा पुलिस से इस मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार



कोरबा। शराब और दूसरे प्रकार के नशे को लेकर काफी समय से यह धारण बनी हुई है कि कुल मिलाकर नशा नाश का कारण होता है। कटघोरा थाना क्षेत्र के तुमान सिलयारीपारा में शराब के चक्कर में एक परिवार की कहानी पर अर्द्धविराम लग गया जबकि पति की हरकत से तंग आकर पत्नी ने उसकी हत्या कर दी। गत् भर उसका शव कमरे में पड़ा रहा। अगले दिवस पुलिस ने मौके का जायजा लिया और अरोपी पत्नी को गिरफ्तार किया।कटघोरा से 22 किलोमीटर दूर तुमान गांव में यह घटना हुई। जहां पर नशा और आवेश इस दर्दनाक घटना का करण बना। खबर के अनुसार गुरुवार की रात तुमान ग'व के एक मोहल्ले में यह घटना हुई। मिश्रित आबादी वाले गाँव में ज्यादा संख्या वंचित वर्ग की है। अन्य समुदाय के लोग सीमित मात्रा में है। खबर के अनुसार एक इलके में रहने बाने मनहरण यादब 40 वर्ष और उसकी पत्नी कविता यादव 37 वर्ष को लेकर बताया गया कि शराब के नशे के चक्कर में वलह की स्थिति थी। आए दिन इसे लेकर तमाशा हुआ करता था। घटना वाली रात शराब के नशे में पति ने कवित्त से जमकर मरपीट की। उसे अपने प्राण पर संकट नजर आया तो उसने जान बचाने बीच बचाव किया। उसके हाथ में पत्थर का जाता मौजूद था। आवेश में आकर उसने पत्ति के सिर पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूरी रात पति का शव कमरे में पड़ा रहा। सुबह होने पर आसणस के लोगों को इसकी जानकारी हुई। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कार्यवाही की। घटना में प्रयुक्त चोज जात की गई। आरेपी पत्ती कविता को गिरसार किया गया है।टीआई ने बताया कि अब जो सूचनाएं मिली है उसमें शराब और चरित्र शंका को लेकर अक्सर वित्राद हुआ करता था। तभी पहलुओं पर जांच की जएगी।

## रिक्त पद हेतु काउंसिलिंग 08 दिसंबर को

**कोरबा ।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत कोरबा जिले में संचालित पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालिक योग / खेल शिक्षक / प्रशिक्षक एवं अंशकालीन संगीत प्रशिक्षक पद हेतु 26 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। विभागीय जांच/जिला समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र / अपात्र का मेरिट सूची के क्रमानुसार काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थियों को दिनांक 08 दिसंबर 2025 को दोपहर 01 तक आमंत्रित किया गया है।

## डीएमएफ की बैठक हुई

**कोरबा ।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक 06 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

## दूरस्थ अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच-लीली कुजुर का सुरक्षित मातृत्व की ओर सफल कदम

**कोरबा ।** विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव की लीली कुजुर के पति मजदूरी करते हैं। जब वह दूसरी बार गर्भवती हुईं, तब परिवार में सुरक्षित प्रसव को लेकर अनेक चिंताएँ थीं। सीमित साधन और ग्रामीण परिस्थितियों के बावजूद लीली चाहती थीं कि प्रसव के दौरान किसी प्रकार की परेशानी या जोखिम न आए।

गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों और मितानिनों ने उन्हें नियमित जांच, सुरक्षित प्रसव और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनकी सलाह पर लीली ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लेमरू में अपना संपूर्ण उपचार कराने का निर्णय लिया। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर परिवार ने तत्क्षण छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 102 एंबुलेंस सेवा को संपर्क किया। रात लगभग 12 बजे उन्हें अस्पताल लाया गया, जहाँ उपलब्ध चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ ने पूरी तत्परता से उनका सुरक्षित प्रसव कराया। लीली ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया, जिसका वजन 2 किलो 400 ग्राम था।

लीली बताती हैं कि उनके पति बाहर राज्य में मजदूरी करते हैं, परंतु लेमरू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध संपूर्ण सुविधाओं ने उन्हें सुरक्षित मातृत्व का भरोसा दिया। दूरस्थ अंचल में स्थित यह स्वास्थ्य केंद्र आसपास के अनेक गांवों के लिए जीवनदायिनी सुविधा है। यहाँ चिकित्सा सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहती हैं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपचार के लिए आते हैं।

इसी स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने वाली हेमा भी अपनी सकारात्मक अनुभव बताती हैं। उन्होंने बताया



कि उनका प्रसव भी सुरक्षित रूप से यहीं हुआ और बच्चे का वजन 3 किलो 100 ग्राम था। गांव की मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा उन्हें केंद्र की सुविधाओं और सुरक्षित प्रसव के बारे में लगातार जानकारी दी गई थी। गर्भावस्था के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अंतर्गत 9 और 28 सप्ताह में महिला चिकित्सक से नियमित जांच भी कराई।लेमरू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न केवल स्वास्थ्य सुविधा का केंद्र है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सुरक्षित मातृत्व का मजबूत सहारा बन चुका है। लीली और हेमा जैसी अनेक महिलाओं की यह कहानी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सच्ची सफलता को दर्शाती है।

## सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 14 को

**कोरबा।** घंटे सतनामी विवाह संस्था छत्तीसगढ़ ने एसईसीएल कोरबा के सेंट्रल रिक्रिएशन क्लब में 14 दिसंबर को सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया है। यह सम्मेलन सुबह 10 बजे से शुरू होगा। संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष उमेश कुमार महिलांगे ने बताया कि ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीयन प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक किया जा सकता है।

## जिला स्तरीय आवास मेला 8 से 12 दिसंबर तक चलेगा

**कोरबा ।** हाउसिंग बोर्ड संभाग कोरबा की खरमोरा में नवीन आवासीय योजना और अन्य सभी संपत्तियों की जानकारी देने जिला स्तरीय आवास मेला कलेक्टोरेट परिसर कोरबा में जिला पंचायत कार्यालय के सामने 8 दिसंबर से शुरू होगा, जो 12 दिसंबर तक चलेगा। आवास मेला में कोरबा संभाग अंतर्गत जिला कोरबा और प्रदेश की सभी संपत्तियों की जानकारी प्राप्त होगी।

# तापमान 9 डिग्री पर: स्कूलों में सुबह 8:30 बजे से पढ़ाई

**कोरबा ।** जिले में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूल खुलने के समय में बदलाव किया है। अब सभी स्कूल सुबह 8:30 से खुलेंगे। पहले कई स्कूल सुबह 7:30 बजे से खुल जाते थे। ऐसे में बच्चों को ठिठुरते हुए स्कूल जाना पड़ रहा था। यह आदेश 31 जनवरी तक सभी सरकारी, निजी, अनुदान प्राप्त और मदरसा स्कूलों पर प्रभावी रहेगा।
दो पाली में संचालित स्कूलों में प्राइमरी और मिडिल स्कूल सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल दोपहर 12:15 बजे से शाम 4:30 बजे तक लगेंगी। एक पाली में संचालित स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे ही रहेगा। शनिवार को स्कूल सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:30 तक लगेंगे। शनिवार को प्राइमरी स्कूल सुबह लग रहे थे। इस वजह से करीब 1 घंटे का समय बढ़ा दिया गया है। सोमवार से यह लागू हो जाएगा। कोरबा में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के करीब रहा। शनिवार से तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

## योग, खेल, संगीत शिक्षक, के लिए काउंसिलिंग 8 को

**कोरबा ।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के तहत कोरबा जिले में संचालित पीएमश्री स्कूलों में अंशकालिक योग, खेल शिक्षक, प्रशिक्षक व अंशकालीन संगीत प्रशिक्षक पद के लिए आवेदन मंगाया था। जिला विभागीय जांच समिति ने प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र और अपात्र की मेरिट सूची के क्रमानुसार कार्उ?सलिंग के लिए अभ्यर्थियों को 8 दिसंबर को दोपहर एक बजे तक बुलाया है।

## दलहन और तिलहन फसलों की खरीदी की जाएगी जटगा क्षेत्र में

कोरबा ।**जिले के किसान भी अपनी दलहन-तिलहन फसलों को** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत अरहर, उड़द, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर, एवं सरसों का विक्रय आदिम जाति सहकारी समिति के माध्यम से कर सकेंगे। जिस हेतु पात्र इच्छुक किसान अपना पंजीयन ''एकीकृत किसान पोर्टल'' के माध्यम से 01 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक करा सकते है। उपार्जन की अवधि मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन हेतु 01 दिसंबर 2025 28 फरवरी 2026 तक, अरहर एवं सरसों के लिए 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 तक तथा चना एवं मसूर के लिए 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जटगा एवं कोरबी (पोड़ीउपरोड़ा) में किया जाएगा। उपार्जन हेतु फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (रू./क्विं.) इस प्रकार है :- अरहर-8,000, मूंग-8768, उड़द-7800, मूंगफली-7263, सोयाबीन-5328, चना-5875, मसूर-7000, एवं सरसों-6200 निर्धारित है।

ध्यान रहें एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत कृषकों से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी किया जायेगा। पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज-किसान का मोबाईल नंबर, आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका/बी-1 है। अधिक जानकारी हेतु कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी/वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/अधिसूचित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के समिति प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

## बुजुर्गों से मिल छात्रों ने जीवन के अनुभवों को जाना

**कोरबा।** जैन पब्लिक स्कूल कोरबा के सामुदायिक सेवा सप्ताह में छात्रों ने सर्वमंगला मंदिर के निकट स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचे। वहां रह रहे बुजुर्गों से बातचीत की और जीवन के अनुभव को जाना। छात्राओं के लिए यह समय सेवा और संवेदना से भरा यादगार पल रहा। छात्राओं ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को दैनिक उपयोग की जरूरी सामान का वितरण किया। बुजुर्गों के अकेलेपन का दर्द बयां करने पर छात्रों ने भविष्य में नियमित रूप से आकर मिलने का भरोसा दिलाया।

## महिला कांग्रेस ने नए अध्यक्ष का स्वागत किया, करेंगे सहयोग

**कोरबा ।** नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश कुमार राठौर एवं मनोज चौहान का जिला महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया इस मौके पर कोरबा जिला शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से कोरबा शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं ग्रामीण में मनोज चौहान जैसे अनुभवी संघर्षशील कांग्रेस नेताओं को कमान मिली है जिससे जिले में कांग्रेस संगठन को और ज्यादा मजबूती मिलेगी । श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर को विश्वास दिलाते हुए कहा कि किसी भी संगठन कार्यक्रम में धरना प्रदर्शन व आयाजनों में महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं सदस्य आपके साथ हर कदम पर साथ रहेंगे । नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने महिला कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के गठन को अतिशीघ्र करेंगे तत्पश्चात महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्?ठ सहित कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठन के साथ मिलकर संगठन को विस्तार देंगे और कांग्रेस के जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम करेंगे साथ ही कांग्रेसी विचारधारा के

# जिले के अधिकारियों की बैठक ली प्रभारी सचिव रोहित ने

कोरबा जिले के प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन में ऊर्जा, जनसम्पर्क, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और आमजन को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ यादव ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य जनता तक सुविधा पहुँचाना है, इसलिए सभी अधिकारी विशेष प्रयास करते हुए लक्षित समूहों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचाएं। उन्होंने योजनाओं की प्रगति, बाधाओं एवं समाधान पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत, एसडीएम कटघोरा श्री तन्मय खन्ना, निगम आयुक्त कोरबा श्री आशुतोष पाण्डेय, डीएफओ कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रभारी सचिव डॉ यादव ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन को यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल द्वारा व्यक्तिगत आवासीय क्षेत्र के घरों में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने की दिशा में गम्भीरता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में बड़े पैमाने पर योजना संचालित करने हेतु आमजनो को योजना से होने वाले लाभ एवं सब्सिडी की जानकारी देकर जागरूकता लाने का प्रयास किया जाए। साथ ही हितग्राहियों से अपने घरों में स्थापित सोलर प्लांट की देखरेख भी सुनिश्चित कराने की बात कही। जिससे बिजली का उत्पादन लगातार बनी रहे।

कलेक्टर श्री वसंत ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के घरों पर भी पीएम सूर्यघर योजना से सोलर पैनल लगाए जा रहे है। वर्तमान में कुल 316 पीएम जनमन आवास में सोलर पैनल स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है। आगे भी अन्य जनमन आवासों में सोलर पैनल लगाया जाएगा।डीएमएफ अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिले में आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु अनेक सड़को का निर्माण एवं मरम्मत कार्य स्वीकृत किया गया है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में मानदेय शिक्षकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। अनेक जर्जर व पुराने भवनों के स्थान पर नए स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण सहित अन्य कार्य किया जा रहा है।डॉ यादव ने पीएम आवास ग्रामीण व शहरी के स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष आवासों को भी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन,अमृत सरोवर, पीएम जनमन, एनआरएलएम के गतिविधियों की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने जिले को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में सतत कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रो में सुखा व गीला कचरों का निपटान बेहतर तरीके से हो। उन्होंने एनआरएलएम योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं का कौशल उन्नयन करने व उन्हें गतिविधियों से जोड़कर उनका आजीविका सवंर्धन के निर्देश दिए।राजस्व विभाग अंतर्गत प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विवादित - अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। डीएमएफ अंतर्गत विगत एवं चालू सत्र में स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यो को समय सीमा में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

स्वच्छता सर्वेक्षण में कोरबा को राष्ट्रीय स्तर पर 8वें स्थान हासिल करने की दी बधाईबैठक में डॉ यादव ने नगर पालिक निगम अंतर्गत नगरीय निकायों के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। पीएम आवास शहरी, 2.0, मोर जमीन मोर आवास, अमृत मिशन, राजस्व वसूली, मिशन वरुण सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में कोरबा नगर निगम के राष्ट्रीय स्तर पर 8वें स्थान हासिल करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं आगे भी इसी उत्साह के साथ मेहनत करने के निर्देश दिए।निगम आयुक्त ने विभागीय योजनाओं के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि निगम क्षेत्र में डीएमएफ से पेयजल परियोजना, मल्टीलेवल पार्किंग, आक्सीजोन, सड़क सहित अनेक निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम एरिया में मॉडल के रूप में एक ग्रीन वार्ड का भी विकास किया जा रहा है।

### धान खरीदी में आया सुनहरा बदलाव

## किसान भगवानशरण कश्यप बोले, इस बार की व्यवस्था ने दिल जीत लिया

**जांजगीर-चांपा।** धान उपार्जन केंद्र पकरिया में किसानों के लिए खरीदी प्रक्रिया पहले से कहीं अधिक सुगम, पारदर्शी और व्यवस्थित हुई है। आज केंद्र में पहुंचे किसान श्री भगवान शरण कश्यप ने अपने 15.60 क्विंटल धान का विक्रय किया और इस पूरी व्यवस्था को किसानों के अनुकूल बताते हुए शासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस बार धान खरीदी व्यवस्था में जिस तरह से सुधार किए गए हैं, उससे किसानों की समस्याओं का समाधान हुआ है और खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह से तनावमुक्त और सरल बन गई है।किसान श्री भगवान शरण कश्यप ने बताया कि धान बेचना अब पहले से बहुत ज्यादा आसान और सुविधाजनक हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रों में नमी परीक्षण, तौल, टोकन सत्यापन, स्टाफ का सहयोग और व्यवस्थाओं की पारदर्शिता ने किसानों का भरोसा बेहद मजबूत किया है। पूरे केंद्र में साफ-सफाई, शेड, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और कामकाज की गति देखकर यह आसानी से महसूस होता है कि शासन ने किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा है। किसान श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णयों का सीधा लाभ उन्हें जमीन पर मिल रहा है।



## जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025: परीक्षार्थियों के लिए दिशा निर्देश

***जांजगीर-चांपा।*** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा 07 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जाने वाली जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 में जिले के 31 परीक्षा केन्द्रों में 9436 अभ्यार्थी शामिल होंगे।

**परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश** -परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि यह परीक्षा प्रातः 12 बजे से प्रारंभ हो रहा है अतः मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आयें।

## छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 2025 हेतु जिला स्तरीय हेल्प डेस्क

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 07 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को आयोजित परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कार्यालय कलेक्टर के कक्ष क्रमांक 12 में जिला स्तरीय हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इस हेल्प डेस्क का उद्देश्य परीक्षार्थियों को परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारी, मार्गदर्शन तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि किसी भी समस्या या जानकारी हेतु कार्यालयीन समय 10 से 05.30 बजे तक डिप्टी कलेक्टर एवं जिला नोडल श्री शशि कुमार चौधरी दूरभाष नंबर 9993257353, प्राचार्य एवं समन्वयक नोडल श्री डॉ.डी.आर.लहरे 9752292926, सहायक नोडल आकाश कुमार भारद्वाज 7648091099,सहायक नोडल प्रवीण कुमार पोर्ते 6263718111 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 11-12 दिसंबर को, पंजीयन 10 दिसंबर तक

**जांजगीर चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन 11 एवं 12 दिसंबर 2025 को जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम में प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष तथा संगतकार की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित है। युवा उत्सव के अंतर्गत लोकनृत्य 10, पंथीनृत्य 10, सुआनृत्य 10, लोकगीत 10, कहानी लेखन 01, वाद-विवाद 02, नवाचार 02, राउत नाचा 10, करमानृत्य 10, पारंपारिक वेशभूषा 02, एकांकी नाटक 12, रॉक बैण्ड 10, चित्रकला 01 तथा कविता लेखन 01 प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। उत्सव में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य है। जिले के प्रतिभागी/दल पंजीयन फार्म, फोटोग्राफ एवं आयु प्रमाण दस्तावेज सहित कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, जांजगीर-चांपा (पुरानी सिंचाई कॉलोनी) में कार्यालयीन समय के दौरान आवेदन जमा कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8770967779 पर संपर्क किया जा सकता है।

## वन अधिकार पत्र धारकों के फौती नामांतरण हेतु आवश्यक सूचना,14 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से करें प्रक्रिया पूर्ण

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार वन अधिकार पत्र (पट्टा) धारक कृषकों को भी प्राथमिकता से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत कर धान खरीदी योजना का लाभ दिया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया वर्तमान में जांजगीर-चांपा जिले अंतर्गत 211 हितग्राहियों को फौतीनामांतण हेतु चिन्हांकित किया गया है जिनका फौती नामांतरण नहीं होने के कारण एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन होने में समस्या आ रही है। उक्त 211 हितग्राहियों की सूची संबंधित ग्राम पंचायत में चस्पा कर दिया गया है। कृपया सूची अनुसार हितग्राही, परिवारजन,विधिक वारिसान अपने संबंधित तहसील कार्यालय अकलतरा, बलौदा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदा में 14 दिसंबर 2025 तक समस्त मूल दस्तावेजों के साथ संपर्क कर फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर फौती नामांतरण करा सकते हैं।

## अवैध धान भंडारण पर हुई कार्रवाई, 20 बोरा धान जब्त

**मुकडेगा।** जिला प्रशासन ने अवैध धान परिवहन और भंडारण पर सख्ती तेज कर दी है। मंगलवार को नायब तहसीलदार हिमांशू सिंह ने ग्राम बसंतपुर निवासी सुनील यादव के घर में छापेमारी कर 20 बोरा अवैध धान बरामद किया। टीम ने मौके पर ही जब्ती की कार्रवाई कर पंचनामा तैयार किया। प्रशासन ने चेतावनी दी कि अवैध भंडारण, खरीदी या ओडिशा परिवहन में शामिल पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई होगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही और ग्रामीणों ने प्रशासन का समर्थन किया।

# प्रमाणित गेहूं के बीज की गुणवत्ता पर कटौती सहित आसपास के किसानों ने लगाया आरोप

### बीज के नाम पर अन्नदाता से छलः निगम पर अमानक बीज बांटने का आरोप

**जांजगीर-चांपा।** बीज निगम प्रक्षेत्र से मिलना वाला प्रमाणित बीज की ड़ेयुक्त व टूटा गेहूं बांटने का आरोप लगाया गया है। उनका कहना है कि इसमें अंकुरण की संभावना नहीं के बराबर रहती है। अधिकारियों का कहना है कि ऊपर से आया हुआ बीज को बांटा गया है।



जिले के नवागढ़ क्षेत्र में किसानों को मिले प्रमाणित गेहूं बीज की गुणवत्ता पर खराब गेहूं मिलने का किसानों ने आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि बीज निगम क्षेत्र खोखसा द्वारा भेजे गए बीज नवंबर 2025 में पैक हुआ है, लेकिन सिर्फ एक महीने में ही उसकी गुणवत्ता पूरी तरह बिगड़ गई, जो किसी भी प्रमाणित बीज के साथ संभव नहीं है। किसानों ने बताया कि बीज में करीब 30 प्रतिशत तक टूटा हुआ दाना, साथ में कंकण भी है, इससे अंकुरण की

संभावना बेहद कम रह जाती है। किसानों द्वारा 1520 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से यह बीज खरीदा गया, लेकिन खेत में उपयोग से पहले ही खराब गुणवत्ता सामने आ गई। किसानों को भारी रकम लेकर मिलावटयुक्त और निम्न स्तर का बीज सप्लाई किया गया है। गेहूं के खराब बीच के संबंध में नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कचंदा सहित दर्जनों गांवो के किसानों का कहना है कि किसान रबि कृषिल में गोल बोने के लिए नवागढ़ के गेहूं कार्यालय 1520 रुपए के से एक बोरी गेहूं खरीदी किया गया है, जो पूरी तरह से खराब निकला है। गेहूं के बोरी में 40 प्रतिशत से अधिक की नोक टूटी हुई है, इसके कारण फसल तैयार ही नहीं हो पाएगा। किसानों ने कहा कि प्रमाणित बीज में एक माह के भीतर कीड़ा लग जाना या दाना टूट जाना प्राकृतिक नहीं, यह सीधे पैकिंग से पहले की खराब गुणवत्ता को दर्शाता है। किसानों का आरोप है कि असली और भेजे गए बीज के नमूने में जमीन आसमान का अंतर है, जो किसानों के साथ अन्याय है।

**जानकारी लेते पहुंचे जिपं सभापति राजकुमार**

किसानों की समस्या की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत कृषि विभाग के सभापति राजकुमार साहू बीज निगम जांजगीर पहुंचे। जहां उनके द्वारा गेंहू के बीच सैंपल लिया गया। लेकिन मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा सभापति साहू को गेहूं का सैंपल दिखाया गया, वह अलग था और जो बीज निगम के गोदाम में रखा गेहूं अलग था। उनका कहना था कि गोदाम में रखे गेहूं के बीज खराब थे, जिसमें धूल, ककड़ व कीड़े लगे हुए थे। उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते का जल्द से जल्द निराकरण करें।

**किसान बीज को तत्काल करे वापस**

कृषक चेतना मंच के जिला सहसंयोजक संदीप तिवारी का कहना है कि प्रमाणित बीज अगर खराब है तो किसान तत्काल वापस कर दें। बीच निगम द्वारा वापस लिया जाएगा। साथ ही बीज रायपुर से आता है। इसमें रायपुर के अधिकारियों द्वारा किसानों से राय नहीं ली जाती।

## डीपीएम की एक शिकायत अधर में फिर हुई दूसरी शिकायत

### बायो मेडिकल इंजीनियर ने अजाक थाने में की शिकायत

**जांजगीर-चांपा।** सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ एक महिला डॉक्टर की शिकायत पर चार महीने बाद भी न जांच हुई और न ही किसी तरह की कार्रवाई हुई। अब फिर एक उसी दफ्तर के एक इंजीनियर ने दूसरी शिकायत सितंबर माह में की थी वह शिकायत भी एसी व कलेक्टर दफ्तर में धूल फांक रही है।

इस मामले में पूछताछ हुई लेकिन उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह साबित होता है कि एक डीपीएम के रसूख के आगे बड़े अफसर भी नत मस्तक हैं। शिकायतकर्ता चेतन बघेल का आरोप है कि डीपीएम की पत्नी सत्ताधारी पार्टी की नेत्री है। इसके चलते हर जांच में आंच पहुंचाने में कामयाब हो जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ बायो मेडिकल इंजीनियर (एनएचएम) चेतन बघेल वर्ष 2022 से पदस्थ हैं। चेतन बघेल का कहना है कि वह अपना हर कार्य निष्ठापूर्वक करता उनकी देखरेख में चिकित्सकीय है। उपकरणों की मरम्मत एवं सम्पूर्ण देख रेख किया जाता है। ताकि उपचार में मशीनों के वजह की वजह से वाधा उत्पन्न न हो। लेकिन डीपीएम उत्कर्ष तिवारी द्वारा अपने कक्ष में बुलाकर अपशब्द बोलना, अभद्र व्यवहार करना, अन्य कर्मचारियों के सामने बेईज्जती करना, नौकरी से निकालने की बार बार धमकी देना आम बात हो गई है।

चेतन बघेल का कहना है कि वह अनुसूचित जाति वर्ग का है। इसके कारण उनकी जाति पर भी टिप्पणी करना, योग्यता, पद एवं कार्य पर टिप्पणी कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इसकी लिखिल शिकायत चेतन ने 23 सितंबर 2025 को एसपी आफिस, कलेक्टर व अजाक थाने में दी है। लेकिन आज इस मामले में डीपीएम के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इससे चलते वह मानसिक रूप से परेशान है। इतना ही नहीं उन्हें आए दिन नौकरी ने निकाल देने की धमकी दी जाती है। सीआर खराब होने की बात कही जाती है। इससे वह भयभीत है। चेतन का यह भी कहना है कि यदि प्रताड़ना से उसकी मानसिक स्थिति खराब हुई तो डीपीएम उत्कर्ष तिवारी जिम्मेदार होंगे।

### 32 लाख रूपए वसूल किया वितरण कंपनी ने

**सक्ती।** सक्ती संभाग अंतर्गत गुरुवार को बड़े स्तर पर मास डिस्कनेक्शन अभियान चलाया गया। इस अभियान में सक्ती शहर, सक्ती ग्रामीण, डभरा, जैजैपुर और बाराद्वार क्षेत्र शामिल रहे। कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए चाम्पा और अकलतरा संभाग के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की मदद से कुल 22 टीमों का गठन किया गया। अधीक्षण अभियंता अमर चौधरी के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा अभियान से पूर्व 374 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची तैयार की गई थी, जिन पर 1 करोड रुपए की ज्यादा बकाया था। सख्त कार्रवाई करते हुए विभाग ने 170 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए, जिन पर 52.25 लाख रुपए का बकाया था। वहीं विभाग के प्रयासों से 173 उपभोक्ताओं से 32.78 लाख रुपए की तत्काल वसूली भी की गई।विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह सघन विद्युत विच्छेदन अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो पैथालॉजी सेंटर में पायी गड़बड़ी

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर ओआईसी हेल्थ प्रीतेश सिंह राजपूत तथा जिला नर्सिंग होम एक्ट की टीम ने जैजैपुर विकासखंड के विभिन्न पैथोलॉजी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई का उद्देश्य उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और तकनीकी व संचालनात्मक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना था। निरीक्षण दल में सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल, जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुदर्शन भारद्वाज, आयुष्मान प्रभारी सलमान खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने मां गायत्री पैथोलॉजी, आरोग्य पैथोलॉजी, महामाया पैथोलॉजी, लाइफ केयर पैथोलॉजी और एमजेडे क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने तकनीकी मानकों, उपकरणों की उपलब्धता व कार्यक्षमता, गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाएं, पंजीकृत व योग्य कर्मचारियों की तैनाती, टेस्ट रिपोर्टिंग की पारदर्शिता, रिकॉर्ड संधारण और बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निपटान जैसी प्रमुख बिंदुओं की विस्तृत जांच की। जांच में पाया गया कि मां गायत्री पैथोलॉजी और आरोग्य पैथोलॉजी निर्धारित मानकों का सही ढंग से पालन नहीं कर रहे थे। मानव संसाधन की कमी, तकनीकी सुविधाओं का अभाव, पंजीकृत कर्मियों की अनुपस्थिति और प्रलेखन व रिपोर्टिंग प्रणाली में अनियमितताएं सामने आईं। टीम ने इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित संस्थानों को तुरंत सुधार करने और सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल ने संस्थानों को सुधारात्मक कार्रवाइयों की सूची विस्तार से समझाई और निर्धारित समय सीमा में अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राहौद में रावत नाचा महोत्सव कैबिनेट मंत्री होंगे शामिल

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद के तत्वाधान में भव्य एवं ऐतिहासिक राऊत नाचा महोत्सव 6 दिसंबर को शनिचरी बाजार परिसर में आयोजित होगी। राऊत नाचा महोत्सव में मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन शिरकत करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि कमलेश जांगड़े लोकसभा सांसद जांजगीर-चांपा, अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा होंगे। महोत्सव की अध्यक्षता नगर पंचायत राहौद की अध्यक्ष प्रतिभा दीपक कश्यप करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि शेषराज हरवंश पामगढ़ विधायक, सत्यलता मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष जांजगीर-चांपा, रंजना मानेस जांगड़े जनपद अध्यक्ष पामगढ़, गोविंद यादव नपं अध्यक्ष खरौद, राहुल थवाईत नपं अध्यक्ष शिवरीनारायण राहुल, धनंजय सिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, यशवंत साहू मंडल अध्यक्ष पामगढ़ एवं पार्षदगण मंचासीन रहेंगे। राऊत नाचा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 17 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 15 हजार रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 10 हजार रूपये, एवं पंचम पुरस्कार 7 हजार रूपये प्रदान किया जाएगा। वहीं महोत्सव में शामिल सभी नृतक दल को नपं राहौद के पार्षदों द्वारा 2100 की राशि प्रदान किया जाएगा।

## उपार्जन केन्द्र के कर्मी से मारपीट, जुर्म दर्ज

### नमी वाला धान लौटाने पर हुआ विवाद, पिता-पुत्र पर केस दर्ज, घटना सीसीटीवी में कैद

**जांजगीर-चांपा।** जिले के भडेसर धान खरीदी केंद्र पर एक संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ मारपीट हुई है। धान में अधिक नमी पाए जाने पर उसे वापस करने को लेकर यह घटना हुई। पुलिस ने किसान मोहर साय यादव और उसके बेटे धरम सिंह यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



जानकारी के अनुसार, हेमंत राठौर भडेसर धान खरीदी केंद्र में संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। 4 दिसंबर की सुबह 8 बजे धान की नमी जांच की जा रही थी। जिन किसानों के धान में नमी की मात्रा सही पाई गई, उन्हें अंदर भेजा गया, जबकि अधिक नमी वाले धान को वापस किया जा रहा था।

इसी दौरान, सुबह करीब 8.45 बजे गांव के मोहर साय यादव और उनके बेटे धरम सिंह यादव अपना धान लेकर केंद्र पहुंचे। ऑपरेटर हेमंत राठौर ने जब उनके धान की नमी जांच की, तो वह बहुत अधिक पाई गई। हेमंत ने उन्हें धान वापस ले जाने को कहा।इस पर मोहर साय यादव और धरम सिंह यादव ने धान वापस ले जाने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। जब हेमंत ने इसका विरोध किया, तो दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। हेमंत के सीने और पेट में दर्द होने लगा।मारपीट की यह पूरी घटना धान खरीदी केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। हेमंत राठौर की शिकायत पर पामगढ़ थाने में दोनों पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की जांच-पड़ताल कर रही है।

## सांसद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष के प्रयास से नवागढ़ में शीघ्र खुलेगा उप डाकघर

**नवागढ़।** विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं नारायण चंदेल के संयुक्त सतत प्रयास से शीघ्र उप डाकघर खुलेगा। उक्ताशय की जानकारी संचार मंत्रालय से दोनों नेताओं को प्राप्त हुआ है। ज्ञात हो कि नवागढ़ क्षेत्र की जनता की मांग पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं नारायण चंदेल ने संयुक्त रूप से केन्द्रीय संचार मंत्री एवं विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर इस अंचल के जनभावनाओं से अवगत कराया था उस समय विभाग द्वारा शीघ्र पहल करने का आश्वासन दिया गया था, अब इसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, उपाध्यक्ष निरंजन कोसले, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कांता मनमोहन कश्यप, उपाध्यक्ष घासीराम कश्यप, नवागढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह, मंडल महामंत्री द्वय गोपी यादव, श्रीमती अंजली कश्यप, पार्षद झामलाल कश्यप, गौरीशंकर साहू, जीतराम साहू, श्रीमती मालती जलतारे, श्रीमतीं प्यारी बाई साहू सहित क्षेत्र एवं अंचल के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उप डाकघर की स्वीकृति प्रदान करने हेतु भारत सरकार के संचार मंत्रालय के प्रति अभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## जीएलडी अस्पताल पामगढ़ को नर्सिंग होम एक्ट उल्लंघन का नोटिस

**जांजगीर-चांपा।** सीएलएचओ ने पामगढ़ स्थित जीएलडी अस्पताल के संचालक के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट एवं पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप में कारण बताओ नोटिस जागी किया है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से जिले के निजी स्वास्थ्य संस्थानों में हड़कंप मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि जीएलडी अस्पताल पामगढ़ का संचालन गोरेलाल डाहीरे द्वारा किया जाता है, जो तत्कालीन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) के ससुर भी हैं। इस अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों में स्वयं पामगढ़ की बीएमओ डॉ. रश्मि डाहीरे तथा उनके पति डॉ. कमल कुमार डाहीरे भी शामिल हैं। डॉ. कमल वर्तमान में अन्य जिले में शासकीय सेवा में पदस्थ हैं। यह परिस्थितियां इस बात की ओर संकेत करती हैं कि शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित कर मरीजों को निजी अस्पताल में भेजे जाने की आशंका से विभाग पूरी तरह से चिंतित है। इसी बीच पिछले माह अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मृत्यु के बाद परिजनों द्वारा असंतोष जताए जाने पर भारी विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। देखते ही देखते हालात बिगड़ने लगे, जिसे प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद नियंत्रित किया गया। इस घटना ने भी अस्पताल के कार्यप्रणाली को लेकर संदेह और गहरा कर दिया था। सीएमएचओ कार्यालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि अस्पताल संचालन के लिए

आवेदन प्रस्तुत किए जाने के समय वे शासकीय सेवा में नहीं थीं, किंतु वर्तमान में फिर शासकीय पद पर पदस्थ होकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन कर रही है। नियमों के अनुसार पर्यवेक्षी चिकित्सक के सेवा पद स्थिति अथवा उपलब्धता में कोई भी परिवर्तन होने पर इसकी तत्काल सूचना संबंधित कार्यालय को देना अनिवार्य है। यह जानकारी अस्पताल प्रबंधन द्वारा आज दिनांक तक उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसे विभाग ने गंभीर लापरवाही माना है। नोटिस में हॉस्पिटल संचालक को तीन दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर संतोषजनक स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समयावधि में जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता, तो संस्थान के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट और पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की

**क्या कहता है नियम**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि निजी स्वास्थ्य संस्थानों में पर्यवेक्षी चिकित्सकों की नियुक्ति, सेवा परिवर्तन और उपलब्धता से संबंधित सूचनाएं पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित करता है। है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था लिए भी अनिवार्य है।

## पोड़ीशंकर में रात्रि चौपाल : हितग्राहियों से सीधा संवाद, आवास निर्माण में तेजी पर जोर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर में रात्रि जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे द्वारा हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित किया गया और उन्हें आवास निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण दिशानिर्देश प्रदान किए गए।



चौपाल के दौरान सीईओ गोकुल रावटे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। हितग्राहियों को आवास निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने व निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया गया। निर्माण के विभिन्न चरणों की प्रक्रिया, किस्तों के वितरण और मनरेगा मजदूरी भुगतान की जानकारी भी विस्तार से दी गई।उन्होंने कहा कि आवास निर्माण के साथ-साथ मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार एवं भुगतान दोनों उपलब्ध हैं, जिसका पूर्ण लाभ सभी हितग्राही लें। इस योजना का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को मजबूत, सुरक्षित एवं स्थायी आवास प्रदान करना है। चौपाल में हितग्राहियों के प्रश्न सुने गए तथा आवास स्वीकृति, भुगतान, निर्माण सामग्री व शासकीय प्रक्रियाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। रात्रि चौपाल ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने, समस्याओं के निराकरण तथा आवास निर्माण में तेजी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रज्ञा यादव, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## अनमोल वचन......

हमारे सामने आने वाला कोई भी तथ्य उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि उसके प्रति हमारा दृष्टिकोण, क्योंकि वही हमारी सफलता या असफलता निर्धारित करता है।

# एसआईआर प्रक्रिया से असंतुष्ट

हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है, मगर उसके रुख से नहीं लगता कि वह एसआईआर प्रक्रिया से असंतुष्ट है। लेकिन यह कहानी का सिर्फ एक पक्ष है। इसका दूसरा पक्ष राजनीतिक दायरे में घट रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणियां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को बल प्रदान करने वाले हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने दो टूक कहा है कि निर्वाचन आयोग को एसआईआर कराने का वैधानिक एवं संवैधानिक अधिकार है। अतः उसने फिलहाल 12 राज्यों में चल रही इस प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट की खंडपीठ ने एसआईआर के खिलाफ दलील दे रहे वकीलों से पूछा कि क्या किसी विदेशी नागरिक ने आधार कार्ड बनवा लिया हो, तो उसे वोट डालने का हक भी मिल जाना चाहिए। एक मौके पर बेंच ने यह भी कहा कि बिहार में एसआईआर के सिलसिले में ऐसी कोई मिसाल सामने नहीं आई कि लोगों के नाम जानबूझ कर मतदाता सूची से हटाए गए हों।

हालांकि कई राज्यों की याचिका पर न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है, मगर उसके रुख से नहीं लगता कि वह इस प्रक्रिया से असंतुष्ट है। लेकिन यह कहानी का एक पक्ष है। इसका दूसरा पक्ष राजनीतिक दायरे में घट रहा है। तमाम विपक्षी पार्टियां इस प्रक्रिया के पीछे की मंशा, इस पर अमल के तरीके और इस दौरान कुछ समुदाय विशेष के लोगों के नाम काट जाने का इल्जाम रोजमर्रा के स्तर पर जोरशोर से लगा रही हैं। बूथ लेवल ऑफिसरों पर बढ़े काम के दबाव, उनमें से कुछ की कथित आत्महत्या या मौतों, कुछ के नौकरी से इस्तीफा देने आदि जैसी घटनाएं व्यापक से चर्चित हुई हैं। इन मामलों से यह प्रक्रिया और अधिक विवादास्पद हो गई है। परिणाम यह हो रहा है कि चुनाव से संबंधित प्रक्रियाओं और इनका संचालन करने वाली संस्था एवं प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर अविश्वास की खाई और चौड़ी हो रही है। इसका दूरगामी असर होगा। इससे एक ऐसा मत-विभाजन पैदा हो रहा है, जिसकी वजह से भविष्य में हर चुनाव की पृष्ठभूमि संदिग्ध बनी रहेगी। हैरतअंगेज है कि निर्वाचन आयोग ने इसे और इसके संभावित नतीजों को समझने या उनके प्रति संवेदनशीलता दिखाने की तनिक भी जरूरत महसूस नहीं की है। संभवतः न्यायपालिका भी इसे विशुद्ध कानूनी और संवैधानिक नजरिए से देख रही है, जबकि इसके एक बड़ा पक्ष राजनीतिक है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियां बढ़ेगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

**मिथुन राशिः** आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में भी आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में आज कुछ नयापन आ सकता है। बच्चों को शिक्षकों से तारीफ मिलेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की दौड़ भाग भरी जिंदगी में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकालेंगे और अपने व्यक्तित्व का आकलन करेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस बढ़ाने के लिए सुझाव देगा।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से लाभ बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगी। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलाने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करना होगा। आज फैमिली टाइम बिताने को मिलेगा, जिससे परिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा।

# सुगम खाद्य आपूर्ति और सशक्त उपभोक्ता ही खाद्य विभाग की प्रतिबद्धता

//गोविंद सिंह राजपूत//

**भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन एवं मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने पिछले दो वर्षों में खाद्य सुरक्षा और उपभोक्ता न्याय के मूल मंत्र को चरितार्थ करने का अथक प्रयास किया है। हमारी यात्रा केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रही है, बल्कि हमने ऐसी व्यवस्थाओं का निर्माण किया है जो पारदर्शिता, दक्षता और जन-सरोकार पर आधारित हैं। हमने प्रदेश के करोड़ों परिवारों को न केवल सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराया है, बल्कि उन्हें एक मजबूत उपभोक्ता संरक्षण कवच भी प्रदान किया है। पिछले दो वर्षों में महत्वपूर्ण उपलब्धियों, नवाचारों और दूरगामी फैसलों से मध्यप्रदेश की खाद्य**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का डिजिटल सशक्तिकरण राज्य की जनता के लिए एक अधिकार बन कर उभरा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली राज्य की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है। पिछले दो वर्षों में, विभाग ने पीडीएस को भ्रष्टाचार-मुक्त और सही हितग्राही को सही लाभ सुनिश्चित करने के लिए अभूतपूर्व डिजिटल पहल की है।

प्रदेश के किसानों की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 6.05 लाख किसानों से 42.4 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन कर 9,200.18 करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में 6.69 लाख किसानों से 43.52 लाख मैट्रिक टन धान का उपार्जन कर समर्थन मूल्य राशि 1001 करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया। उपार्जन अवधि में ही 14.18 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन केंद्र से सीधे मिलर्स को प्रदाय कर परिवहन हैंडलिंग व्यय की बचत की गई। खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु 8.59 लाख किसानों का पंजीयन किया गया है, जिनसे दिसंबर 2025 से समर्थन मूल्य राशि 2369 प्रति क्विंटल की दर से धान का उपार्जन किया जाएगा। इसी तरह रवि विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित 48.38 लाख मीट्रिक टन गेहूं पर 6.13 लाख किसानों को 125 में प्रति क्विंटल की दर से 605 करोड़ तथा रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं पर 9 लाख किसानों को 175 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 1360 करोड़ राज्य सरकार द्वारा बोनस का भुगतान किया गया।

हमने प्रदेश के समस्त राशन उपभोक्ताओं की पहचान को प्रमाणित करने के लिए प्रदेश स्तर पर एक विशाल ई-केवाईसी अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रणाली से फर्जी और डुप्लीकेट नामों को हटाना तथा सुनिश्चित करना था कि केवल पात्र व्यक्ति ही रियायती राशन प्राप्त करें। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत पात्र परिवारों की पहचान सुनिश्चित करने माह दिसंबर 2023 से अभी तक 1.61 करोड़ हितग्रहियों के ई-केवाईसी किए गए हैं। अभी तक 92 फीसदी से अधिक हितग्राहियों की ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी है। प्रदेश की 27,875 उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीन से पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी करने की व्यवस्था के अतिरिक्त बच्चों तथा हितग्राही द्वारा घर बैठे ईकेवाईसी करने की सुविधा भारत सरकार के मेरा ईकेवायसी ऐप के माध्यम से दी गई है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना को प्रदेश में सफलतापूर्वक लागू किया। अंतरराज्यीय पोर्टेबिलिटी के तहत अब मध्यप्रदेश के 30,000 उपभोक्ता देश के अन्य राज्यों से और अन्य राज्यों के 6821 उपभोक्ता मध्यप्रदेश से अपने हिस्से का राशन प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार अंतर जिला पोर्टेबिलिटी से 15, 39, 384 परिवारों द्वारा अन्य दुकान से प्रतिमाह राशन प्राप्त किया जा रहा है। यह सुविधा प्रवासी मजदूरों और नौकरीपेशा लोगों के लिए वरदान साबित हुई है, जिससे उनकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। प्रदेश में विगत दो वर्ष में लगभग 17 लाख परिवारों के डाटाबेस में मोबाइल सीडिंग की गई। इस प्रकार कुल 97 प्रतिशत परिवारों की मोबाइल सीडिंग की जाकर प्रतिमाह वितरित सामग्री की सूचना के लिये एसएमएस प्रेषित किया जा रहा है, ताकि उपभोक्ता द्वारा प्राप्त सामग्री का मिलान किया जा सके।किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही को रोकने के लिए राशन वितरण को शत-प्रतिशत बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर आधारित किया गया। इसने मैनुअल हस्तक्षेप को समाप्त किया और वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक वितरण के बाद हितग्राही को उसके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से वितरण की जानकारी भेजी जाती है, जिससे शिकायत की संभावना नगण्य हो जाती है। इसके अलावा अगस्त 2024 से कैरी फॉरवार्ड वितरण व्यवस्था समाप्त कर आवंटन माह में ही समस्त पात्र परिवारों को पात्रतानुसार राशन वितरण कराया जा रहा है, जिससे परिवारों को समय पर सामग्री प्राप्त हो रही है। माह दिसंबर 2023 से अभी तक 91.14 लाख नवीन हितग्राहियों को जोड़कर निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कराया गया तथा मृत/अपात्र/स्थाई रूप से पलायन करने वाले 72.94 लाख हितग्राहियों को पोर्टल से विलोपित किया गया। प्रदेशभर में खाद्यान्न की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना एक बड़ी चुनौती थी, विशेषकर पहुंच विहीन दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में। पर प्रदेश के मुखिया एवं संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की जनसेवा को चरितार्थ करने की दूरगामी सोच को साकार करते हुए विभाग द्वारा युवाओं का सशक्तिकरण और आपूर्ति में दक्षता सुनिश्चित कर मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के तहत 308 प्रदाय केंद्र से 896 वाहनों से उचित मूल्य दुकानों का खाद्यान्न जिस वक्त डिस्पैच होगा, उसी समय संबंधित उचित मूल्य दुकानों के पंजीबद्ध उपभोक्ताओं को राशन निकलने की जानकारी एसएमएस के माध्यम से उनके मोबाइल नंबर पर पहुंचेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित युवाओं को वाहन खरीदने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 1.25 लाख प्रति वाहन अनुदान के साथ 3 प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया गया। मध्यप्रदेश सरकार की इस योजना ने दोहरे लक्ष्य साधे। एक तरफ युवाओं को स्व-रोजगार के अवसर मिले और वे उद्यमी बने। वहीं दूसरी तरफ खाद्यान्न को शासकीय गोदामों से उचित मूल्य की दुकानों तक पहुंचाने में लगने वाले समय में 30 प्रतिशत तक की कमी आई। इसने जस्ट-इन-टाइम डिलीवरी मॉडल को अपनाया, जिससे स्टॉक की कमी की समस्या समाप्त हुई। योजना में पारदर्शिता बनाए रखने एवं सतत् निगरानी के लिए सभी अन्नदूत वाहनों को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से लैस किया गया है, जिससे उनके रूट और डिलीवरी समय की निगरानी की जा सके। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राशन सही समय पर और सही मात्रा में दुकान तक पहुंचे।

किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाना और उपार्जन प्रक्रिया को सरल बनाना विभाग की प्रमुख जिम्मेदारी रही है। सरल और त्वरित उपार्जन प्रक्रिया अपनाते हुए किसानों के पंजीयन का सरलीकरण किया गया। उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया को भू-अभिलेख डाटाबेस से सीधे लिंक किया गया, जिससे बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता समाप्त हो गई। इससे लाखों किसानों के लिए पंजीयन त्वरित और त्रुटि-रहित और आसान हो गया।

गेहूं-धान के अलावा ज्वार और बाजरा जैसी अन्य फसलों को भी समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया गया, जिससे किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहन मिला और वे एक ही फसल पर निर्भरता से मुक्त हुए। किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए भुगतान में जेआईटी मॉडल अपनाया गया। किसानों को उनकी उपज का भुगतान सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में जेआईटी प्रणाली के माध्यम से किया गया। इस प्रणाली ने बिचौलियों की भूमिका को पूरी तरह से समाप्त कर दिया और सुनिश्चित किया कि भुगतान उपार्जन के 72 घंटे के भीतर किसान के खाते में जमा हो जाए। उपभोक्ता विवादों का त्वरित निराकरण हो सके इसके लिए उपभोक्ता आयोगों का डिजिटलीकरण किया गया। पिछले दो वर्षों में विभाग के प्रयासों से राज्य के विभिन्न आयोगों और मंचों पर लगभग 3 लाख 7 हजार से अधिक उपभोक्ता विवाद प्रकरणों का निराकरण किया गया है। उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए जागो ग्राहक जागो जैसे अभियान पूरे प्रदेश में चलाए गए, ताकि वे स्वयं गुणवत्ता मानकों की जाँच कर सकें।केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना भी विभाग का महत्वपूर्ण कार्य रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का विस्तार करते हुए राज्य की माताओं और बहनों को धुएं से बचाने के लिए मुफ्त गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। ग्रामीण और गरीब परिवारों को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत माह दिसंबर 2023 से अगस्त 2025 तक 549.51 लाख गैस रिफिल पर 750.34 करोड़ का अनुदान हितग्रहियों को दिया गया। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं को 6 लाख 77 हजार 872 नवीन गैस कनेक्शन निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। पीव्हीटीजी श्रेणी के 22,560 परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

प्रदेश में 10 सीजीडी संस्थाएं कार्यरत हैं जिनके द्वारा प्रदेश की 25 भौगोलिक क्षेत्र में स्थित समस्त जिलों में विगत दिसंबर 2023 से अक्टूबर 2025 तक 1 लाख 16 हजार 451 घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस उपलब्ध कराई गई है । इसी प्रकार 67 सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से वाहनों को स्वच्छ ईंधन की आपूर्ति की गई है। मध्यप्रदेश में शहरी गैस वितरण नेटवर्क विकास और विस्तार नीति 2025 जारी की गई है। इस नीति के तहत राज्य में पीएनजी और सीएनजी गैस के वितरण का नेटवर्क विस्तार किया जा रहा है। विभाग का संकल्प है कि हम इन उपलब्धियों पर रुकेंगे नहीं, बल्कि और अधिक दक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेंगे। पिछले दो वर्षों में, विभाग ने अपनी हर चुनौती को अवसर में बदला है। खाद्य सुरक्षा केवल राशन वितरण नहीं है, यह सम्मान और आजीविका का सवाल है। हमारी हर नीति और निर्णय इसी भावना से प्रेरित रहा है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि मध्यप्रदेश का प्रत्येक नागरिक सम्मान के साथ, गुणवत्तापूर्ण भोजन प्राप्त करे और उसके उपभोक्ता अधिकारों का हर हाल में संरक्षण हो। जनता की सेवा में हमारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# प्रत्येक महिला को सशक्त बनाना, प्रत्येक समुदाय का उत्थान करना-अमृत काल में नारी शक्ति का नया दौर

//श्रीमती अन्नपूर्णा देवी//

**जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र का उत्थान होता है समानता और न्याय के मूल्यों पर आधारित समाज में, महिला की गरिमा से कतई समझौता नहीं होना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमारे समग्र कार्यक्रम- मिशन शक्ति- के ज़रिए इसे संस्थागत ढांचे में बदलकर इस विश्वास को फिर से मजबूत किया है। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही कहा है, हमारी सरकार महिलाओं के लिए 'सम्मान' और 'सुविधा' को सबसे ज़्यादा महत्व देती है।'' ये मार्गदर्शक शब्द केवल भावनाएँ मात्र नहीं, अपितु वह नींव हैं, जिस पर मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति के तहत भारत के कोने-कोने में मज़बूत संस्थागत तंत्र स्थापित किए हैं।**

इस प्रयास के केंद्र में मिशन शक्ति की संबल'' उप-योजना के तहत चलने वाले वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) हैं। 2015 में शुरू हुए ये केंद्र हिंसा की शिकार महिलाओं को एकीकृत सहायता तंत्र प्रदान करते हैं, ताकि उन्हें खामोश रहकर पीड़ा न सहनी पड़े और न ही बिखरी हुई सहायता प्रणालियों के बीच भटकना पड़े। आज तक, पूरे भारत में 862 ओएससी चल रहे हैं, जिनसे 12.20 लाख से ज़्यादा महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी मदद, चिकित्सा सहायता, पुलिस की मदद, आश्रय और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी एकीकृत मदद मिली है।

डर से आज़ादी तक, खामोशी से सहायता तक - ओएससी ऐसे स्थान हैं जहाँ से घाव भरने की शुरूआत होती है। ये केंद्र प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय शासन का रुख करते हैं। चाहे किसी महिला को अपने घर, कार्यस्थल या सार्वजनिक स्थान पर हिंसा का सामना करना पड़े, ओएससी उसके पुनर्वास, गरिमा और न्याय दिलाने में मदद करने के मोदी सरकार के संकल्प का प्रमाण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये केंद्र अस्पतालों के भीतर या उनके पास स्थापित किए गए हैं, ताकि तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके - जो मुश्किल समय में पहला ज़रूरी कदम है। महिला हेल्पलाइन (181) का सार्वभौमीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जो संकट से घिरी महिलाओं के लिए 24×7 मदद सुनिश्चित करके ओएससी का पूरक बनता है। 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में संचालित यह हेल्पलाइन अब तक 2.56 करोड़ से अधिक कॉल संभाल चुकी है और 93.48 लाख से अधिक महिलाओं की मदद कर चुकी है (30 सितंबर तक)। आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस-112) से एकीकृत यह हेल्पलाइन संकट और राहत के बीच की दूरी को पाटती है। व्यवस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने और तेजी से न्याय पहुंचाने के लिए, हमने 745 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय स्थापित किए हैं, जिनमें से 404 विशेष पॉक्सो न्यायालय हैं। इन न्यायालयों ने यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार नहीं है, अब तक 3.06 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। सुनाया गया प्रत्येक फ़ैसला, बहाल किया गया प्रत्येक अधिकार न्यायपूर्ण और लैंगिक समानता वाले भारत की ओर उठाया गया एक कदम है। न्याय मिलना अब प्रक्रियात्मक देरी के कारण बाधित नहीं होता, और प्रत्येक सर्वाइवर समय पर राहत की उम्मीद कर सकता है।

इसके साथ ही, हम पुलिस स्टेशनों पर 14,658 महिला हेल्प डेस्क (डब्ल्यूएचडी) के साथ ज़मीनी स्तर को मज़बूत कर रहे हैं, जिनमें से 13,700 से ज़्यादा की कमान महिलाएँ संभाल रही हैं। ये डेस्क सर्वाइवर्स में अपराधों की रिपोर्ट करने का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, जिन्हें महिलाओं से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशील प्रशिक्षित कार्मिकों की सहायता मिलती है। महिला अधिकारियों की मौजूदगी न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती है, बल्कि संस्थागत संवेदनशीलता और जवाबदेही को भी मज़बूत करती है।हम 807 एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) के ज़रिए मानव तस्करी से भी निपट रहे हैं और निर्भया कोष के तहत रेलवे और सड़क परिवहन सेवाओं में आपातकालीन निगरानी प्रणालियों की स्थापना के जरिए सुरक्षित गतिशीलता सुनिश्चित कर रहे हैं। ये कदम कि महिलाओं का सुरक्षित रूप से यात्रा करना, निडर होकर काम करना और सार्वजनिक एवं निजी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति करना सुनिश्चित करते हैं।यह एकीकृत दृष्टिकोण सिर्फ़ प्रतिक्रिया तक ही सीमित नहीं है, बल्कि रोकथाम, पुनर्वास और सशक्तिकरण तक व्याप्त है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) जैसी पहलों के ज़रिए, हम सोच बदल रहे हैं और सम्मान, बराबरी और अवसर के मूल्य स्थापित कर रहे हैं। पीएमएमवीवाई और सखी निवास के ज़रिए, हम ऐसी व्यवस्थाएं बना रहे हैं, जो महिलाओं को सिर्फ़ सर्वाइवर के तौर पर ही नहीं, बल्कि देश की प्रगति में हितधारकों के तौर पर भी महत्व देती हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



पटना में बिहार राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान निर्दलीय एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने विरोध प्रदर्शन किया।



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (बाएं) और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में अपनी बातचीत के बाद प्रेस को बयान देते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई दिल्ली में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (अनदेखे) के साथ एक जॉइंट प्रेस मीट को संबोधित करते हुए।





दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, नई दिल्ली में आज़ादपुर मार्केट से इंद्रलोक तक सड़क के सौंदर्यीकरण के लिए दिल्ली सरकार और जीएमआर ग्रुप के बीच एमओयू पर साइन होते हुए।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में अपने औपचारिक स्वागत के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हाथ मिलाती हुई, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें देख रहे हैं।



आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास 7 एलकेएम पर पहुंचने पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 'भगवत गीता' की एक कॉपी भेंट की।

# रूस का भारत को तेल की गारंटी: पश्चिमी दबाव बेअसर, पुतिन ने किया अहम वादा

**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ज़ोर देकर कहा कि रूस भारत को निरंतर ऊर्जा आपूर्ति प्रदान करता रहेगा। इस तरह, भारत द्वारा रियायती दरों पर रूसी कच्चे तेल की बढ़ती ख़रीद को लेकर पश्चिमी दबाव के बीच, मास्को ने नई दिल्ली के लिए एक प्रमुख ईंधन साझेदार के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि की। नई दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, पुतिन ने कहा कि रूस भारत की तेज़ी से बढ़ती ऊर्जा माँग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुतिन ने कहा कि मैं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, भारत की प्रधानमंत्री और हमारे सभी भारतीय सहयोगियों को रूसी प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे और आतिथ्यपूर्ण स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं... मैं प्रधानमंत्री मोदी को कल उनके आवास पर आयोजित रात्रिभोज के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार हैं। हमारे देश धीरे-धीरे भुगतान निपटान के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग की ओर बढ़ रहे हैं। वाणिज्यिक भुगतानों में यह हिस्सेदारी पहले से ही 96 प्रतिशत है।पुतिन ने कहा कि पिछले वर्ष, विभिन्न आँकड़ों के अनुसार, हमारे द्विपक्षीय व्यापार में 12त्न की वृद्धि हुई है, जिसने एक और



कीर्तिमान स्थापित किया है। यह संख्या अलग दिख सकती है, लेकिन सामान्यतः यह लगभग 64 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्तमान में, हमारा अनुमान है कि इस वर्ष के परिणाम उसी प्रभावशाली स्तर पर बने रहेंगे। साथ ही, जैसा कि मैं समझता हूँ, हम इस संख्या को 100 अरब डॉलर के स्तर तक पहुँचाने के लिए तैयार हैं... प्रधानमंत्री ने हमें चुनौतियों की एक पूरी सूची दी है जिन पर हमारी सरकार को सबसे अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। हम ऐसा करेंगे। भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच एक मुक्त व्यापार क्षेत्र के निर्माण से रूस-भारत वाणिज्यिक संबंधों के विकास में मदद मिलेगी। हम इसी समझौते पर पहले से ही काम कर रहे हैं। व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि हम सबसे बड़े भारतीय परमाणु संयंत्र के निर्माण की परियोजना पर भी काम कर रहे हैं। छह में से तीन रिएक्टर पहले ही ऊर्जा नेटवर्क से जुड़ चुके हैं। हम अपने भारतीय साझेदारों के साथ मिलकर नए अंतर्राष्ट्रीय परिवहन मार्ग बनाने पर काम कर रहे हैं, जिसमें रूस या बेलारूस से हिंद महासागर तट तक उत्तर-दक्षिण परिवहन बनाने की परियोजना भी शामिल है। रूस और भारत ब्रिक्स, एससीओ और वैश्विक बहुमत के अन्य देशों में समान विचारधारा वाले देशों के साथ स्वतंत्र और आत्मनिर्भर विदेश नीति का संचालन कर रहे हैं... हम संयुक्त राष्ट्र में निहित कानून के मुख्य सिद्धांत की रक्षा कर रहे हैं।

पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स के संस्थापक राष्ट्रों के रूप में, रूस और भारत ने इस संगठन का अधिकार बढ़ाने के लिए बहुत कुछ किया है और आगे भी करते रहेंगे। जैसा कि आप जानते हैं, अगले वर्ष भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा। हम अपने भारतीय मित्रों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। हमारा देश पिछली आधी सदी से भारतीय सेना, जिसमें वायु रक्षा बल, विमानन और नौसेना शामिल हैं, को हथियारबंद और आधुनिक बनाने में मदद कर रहा है। कुल मिलाकर, हम अभी हुई बातचीत के परिणामों से निस्संदेह संतुष्ट हैं... मैं विश्वास व्यक्त कर सकता हूँ कि वर्तमान यात्रा और हुए समझौते हमारे देशों और जनता, भारत और रूस की जनता के लाभ के लिए रूसी-भारतीय रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने में मदद करेंगे।

# पान मसाला पर उपकर लगाने वाला बिल लोकसभा में पास

**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संसद के शीतकालीन सत्र का आज पांचवा दिन है। ऐसे में आज भी देखा जाए तो दोनों ही सदनों में कामकाज जरूर हुए। हालांकि अलग-अलग मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने कई बड़े सवाल खड़े किए और साथ ही साथ हंगामा भी किया जिसकी वजह से कार्यवाही को स्थगित भी करनी पड़ी। इंडिगो विमान के रद्द होने का भी मुद्दा संसद में खूब गुंजा। बावजूद इसके दोनों ही सदनों में आज सामान्य रूप से कामकाज देखने को मिला। वहीं, पान मसाला का विज्ञापन करने वाले अभिनेताओं के पुरस्कार वापस लेने की लोकसभा में मांग उठी। राज्यसभा में भाजपा सदस्य ने मालदा स्थित प्राचीन आदिनाथ हिंदू मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। बीजद सांसद ने पुरी निवासियों के लिए जगन्नाथ मंदिर में विशेष 'दर्शन' व्यवस्था की मांग की। लोकसभा ने पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पर हुई चर्चा का जवाब दिया, जिसके बाद सदन ने विभिन्न संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी। चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह किसी भी वित्त मंत्री की जिम्मेदारी होती है कि राजस्व बढ़ाया जाए ताकि विभिन्न क्षेत्रों में मांग को पूरा किया जा सके, लेकिन यहां एक सरकार है जिसने कर के दायरे को घटाया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदंबिका पाल ने इंडिगो एयरलाइन की सैकड़ों उड़ानें रद्द होने का मुद्दा को लोकसभा में उठाते हुए कहा कि सप्ताहांत में कई सांसदों को अपने क्षेत्रों में लौटने में परेशानी आएगी और सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। सरकार ने कहा कि हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार के मामले में पिछले कुछ सालों में अच्छी प्रगति हुई है और 2022-23 के एसआरएस (नमूना पंजीकरण प्रणाली) के आंकड़ों के अनुसार इनमें 52 अंकों की वृद्धि हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने लोकसभा में कांग्रेस सदस्य दीपेंद्र हुड्डा के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि इस तरह के मामलों में एक दिन में परिवर्तन नहीं आता है और समय लगता है। द्रमुक के वरिष्ठ नेता टी आर बालू ने तमिलनाडु में एक दरगाह के निकट स्थित मंदिर में 'कार्तिगई दीपम' से जुड़ा मुद्दा को लोकसभा में उठाया और मद्रास उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश पर टिप्पणी की, जिस पर सत्तापक्ष ने तीखी आपत्ति जताई। बालू ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नाम लिए बगैर आरोप लगाया कि एक दल द्वारा सांप्रदायिक टकराव की स्थित पैदा की जा रही है। उन्होंने इस मामले में फैसला देने वाले न्यायाधीश को एक संगठन से जोड़कर उनका उल्लेख किया। इस पर सदन में हंगामा शुरू हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि बालू असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

# बांसुरी स्वराज ने ब्रज घाट पर पिता स्वराज कौशल की अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं



**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर ।**

मिजोरम के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ अधिवक्ता स्वराज कौशल के अंतिम संस्कार के एक दिन बाद उनकी बेटी और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कल सुबह बृजघाट पर परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों के साथ उनकी अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं। बांसुरी स्वराज हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार अस्थि विसर्जन करने के लिए करीबी रिश्तेदारों के साथ बृजघाट पहुंचीं। नम आंखों से उन्होंने अपने पिता की अस्थियों के विसर्जन के लिए विभिन्न रस्में पूरी कीं जबकि पंडितों ने पारंपरिक पूजा-पाठ किया। स्थानीय जन प्रतिनिधि, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घाट पर पहुंचे और कौशल को श्रद्धांजलि दी। एक प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि अस्थि विसर्जन पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।

73 वर्षीय स्वराज कौशल, भाजपा की दिवंगत वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति थे। उनकी बृहस्पतिवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद दिल का दौरा पड़ने से दिल्ली के अखिल भारतीय आयुविर्ज्ञान संस्थान में मौत हो गई थी।

# अमित शाह ने स्वदेशोत्सव 2025 का किया उद्घाटन आत्मनिर्भर भारत के विजन को मिला नया मंच

**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के गुजरात विश्वविद्यालय मैदान में स्वदेशोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी भी उपस्थित थे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह राष्ट्रव्यापी एक्सपो 5 दिसंबर, 2025 से 9 दिसंबर, 2025 तक चलेगा। उद्घाटन समारोह के बाद, गृह मंत्री ने स्वदेशी की शक्ति का प्रतीक स्वानुभूति प्रदर्शनी का भी अनावरण किया। इस स्वदेशी उत्सव के दौरान ज्ञान और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सेमिनार आयोजित किए गए हैं, ऐसा विज्ञप्ति में कहा गया है। तदनुसार, 5 दिसंबर को उद्घाटन दिवस पर पर्यावरण संकल्प सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 6 दिसंबर को स्टार्टअप उड़ान 2025 और स्वदेशी संकल्प अभियान पर सत्र निर्धारित हैं। 7 दिसंबर के सत्र मातृशक्ति की भूमिका और साइबर सुरक्षा जागरूकता पर केंद्रित होंगे।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 8 दिसंबर को आयुर्वेद और स्वास्थ्य के साथ-साथ बौद्धिक संपदा अधिकारों पर सेमिनार होंगे। अंतिम दिन, 9 दिसंबर को प्राकृतिक खेती और जैविक खेती पर चर्चा होगी। साथ ही, प्रतिदिन शाम 7.00 बजे से रात 10.00 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। स्वदेशोत्सव ज्ञान, कला और स्वदेशी उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए एक जीवंत मंच के रूप में कार्य करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार, इस अवसर पर स्वर्णिम जागरण मंच के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# नेशनल कॉन्फ्रेंस की राह मुश्किल? फारूक अब्दुल्ला ने माना, अगले चार साल में करनी है बड़ी तैयारी



**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) प्रमुख और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने जनता से समर्थन की अपील की और माना कि पार्टी पिछले एक साल में लोगों के लिए कुछ खास हासिल नहीं कर पाई। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी संस्थापक शेख अब्दुल्ला की 120वीं जयंती पर बोलते हुए, फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हमारी नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार ने एक साल में लोगों के लिए कुछ खास नहीं किया, लेकिन हमारे पास विकास के लिए चार साल और हैं, और लोगों को हमारा समर्थन करना चाहिए और हमें मजबूत करना चाहिए। दिवंगत शेख अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर की राजनीति में एक प्रमुख हस्ती थे। फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हजरतबल के नसीम बाग स्थित उनके अंतिम विश्राम स्थल पर शेख अब्दुल्ला को पुष्पांजलि अर्पित की। इस बीच, गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घोषणा की कि सरकार ने एसआरओ-43 योजना का नाम बदलकर पुनर्वास सहायता योजना (आरएएस) कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत कश्मीर प्रांत के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं और अब तक 60 नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं।

पत्रकारों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने आश्वासन दिया कि आरएएस योजना के तहत, यदि किसी सरकारी कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत जम्मू में भी इसी तरह का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।अब्दुल्ला ने कहा कि यह योजना, जिसे पहले एसआरओ-43 के नाम से जाना जाता था, अब आरएएस (पुनर्वास सहायता योजना) के नाम से जानी जाती है। इसके तहत, सरकार अपने सभी कर्मचारियों को आश्वासन देती है कि, ईश्वर न करे, यदि सेवाकाल के दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है, तो उनके परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसी के तहत, कश्मीर प्रांत के लिए आदेश तैयार किए गए और 60 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कल, जम्मू में भी इसी तरह का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

# नीतीश के बेटे निशांत कुमार का राजनीति में पदार्पण? जेडीयू नेताओं ने दिए बड़े संकेत

**पटना 6 दिसम्बर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने की अटकलों को हवा देते हुए, जदयू के वरिष्ठ नेता संजय कुमार झा ने कहा कि पार्टी के लोग, उसके शुभचिंतक और समर्थक चाहते हैं कि निशांत जी आएं और पार्टी के लिए काम करें। उन्होंने यह टिप्पणी निशांत कुमार की मौजूदगी में की, जिन्होंने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों के बारे में बात की, जिसमें सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की और जदयू ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। निशांत कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि यह सब जनता का आशीर्वाद है। लोगों ने एक बार फिर हम पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता नीतीश कुमार ने पहले भी अपने वादे पूरे किए हैं और इस बार भी करेंगे। एनडीए ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाकर चुनाव लड़ा था। जदयू अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा था कि सक्रिय राजनीति में आने के समय पर फैसला निशांत कुमार को ही लेना है। जदयू नेता ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी के लोग, पार्टी के शुभचिंतक, पार्टी के समर्थक और पार्टी में हर कोई चाहता है कि निशांत जी (मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे) पार्टी में आकर काम करें। हम सभी यही चाहते हैं। अब उन्हें फैसला करना है। उन्हें तय करना है कि वह कब फैसला लेंगे और पार्टी में काम करेंगे। विधानसभा चुनाव से पहले एक साक्षात्कार में संजय झा ने बताया था कि पार्टी उनके बेटे के राजनीतिक पदार्पण पर नीतीश कुमार के फैसले को स्वीकार करेगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जदयू की स्थापना की थी और अपने बेटे निशांत कुमार के राजनीतिक पदार्पण के बारे में कोई भी फैसला उन्हें ही लेना है। उन्होंने कहा कि यह निशांत कुमार की रुचि पर भी निर्भर करता है।

# भाजपा नेता दिलीप घोष का आरोप, बंगाल में 10 प्रतिशत फर्जी मतदाताओं को बचाने के लिए टीएमसी कर रही एसआईआर का दुरुपयोग

**कोलकाता, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने और उसका दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस प्रक्रिया की अनदेखी करने से 10त्न फर्जी मतदाता बिना जाँच के रह जाएँगे, जिससे पूरी एसआईआर प्रक्रिया कमज़ोर हो जाएगी। एएनआई से बात करते हुए, घोष ने कहा कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर का विरोध तो किया ही है, साथ ही इस प्रक्रिया का दुरुपयोग भी किया है। उन्होंने अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बीएलओ पर दबाव डाला है... पूरा सत्यापन किया जाना चाहिए; अन्यथा, राज्य में 10 प्रतिशत फर्जी मतदाता बने रहेंगे, और पूरी एसआईआर प्रक्रिया बेकार हो जाएगी।

पश्चिम बंगाल 11 अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एसआईआर प्रक्रिया कर रहा है। राज्य में विधानसभा चुनाव 2026 में होने की संभावना है। इस बीच, गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि चुनाव से कुछ महीने पहले शुरू की गई विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद में 40 लोगों की जान जा चुकी है और इसका इस्तेमाल राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए किया जा रहा है।

मृतकों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और अस्पताल में भर्ती लोगों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा करते हुए, बनर्जी ने केंद्र पर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों में चुनिंदा रूप से एसआईआर लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कारण 40 लोगों की मौत हो गई है। 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है।

# अनमोल बिश्नोई की रिमांड बढ़ी, एनआईए मुख्यालय में सुरक्षा घेरे में हुई सुनवाई, 7 दिन और हिरासत में



**नईदिल्ली।** विशेष एनआईए न्यायाधीश ने अनमोल बिश्नोई की हिरासत अवधि सात दिनों के लिए यानी 12 दिसंबर तक बढ़ा दी। उन्होंने बिश्नोई पर खतरे के मद्देनजर एनआईए मुख्यालय में सुनवाई की। अनमोल बिश्नोई, जिसे अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया था, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। इससे पहले, बिश्नोई ने अपनी जान को खतरा बताते हुए एक आवेदन दायर किया था। इसके बाद, अदालत ने एनआईए मुख्यालय में सुनवाई करने का फैसला किया। विशेष एनआईए न्यायाधीश प्रशांत शर्मा एनआईए मुख्यालय गए और वहाँ सुनवाई की। एनआईए ने विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) राहुल त्यागी और अमित रोहिला के माध्यम से अनमोल बिश्नोई की सात दिनों की और हिरासत मांगी। यह दलील दी गई कि मामले की जांच के लिए और हिरासत की आवश्यकता है। यह भी कहा गया कि अनमोल बिश्नोई से पूछताछ के दौरान कुछ संवेदनशील जानकारी सामने आई है।

वकील रजनी और दीपक खत्री अनमोल बिश्नोई की ओर से पेश हुए और हिरासत रिमांड बढ़ाने का विरोध किया। सुनवाई के बाद, विशेष एनआईए न्यायाधीश ने हिरासत को और सात दिनों के लिए बढ़ा दिया। उन्हें पहले की हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया था। विशेष एनआईए अदालत ने अनमोल बिश्नोई की आवाज और लिखावट के नमूने लेने की अनुमति मांगने वाले दो आवेदनों को भी स्वीकार कर लिया है। दिन में, पंजाब पुलिस ने अनमोल बिश्नोई की हिरासत मांगने के लिए विशेष एनआईए अदालत का दरवाजा खटखटाया। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक ने इसका विरोध किया और कहा कि एनआईए को अनमोल बिश्नोई की और हिरासत की आवश्यकता है।

# नागरिक उड्डयन मंत्रालय का एक्शन: इंडिगो के संकट पर तत्काल उपाय, विमानन कंपनी ने पूर्ण रिफंड की पेशकश की

**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइनों, विशेष रूप से इंडिगो को, उड़ान कार्यक्रमों में गंभीर व्यवधान को दूर करने और बिना किसी देरी के सेवाओं को स्थिर करने के लिए तत्काल उपाय लागू करने का निर्देश दिया है। जनता को होने वाली समस्याओं का समाधान करने और विशेष रूप से इंडिगो पर सेवा स्थिरता बहाल करने के लिए दो आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में कहा गया है, उम्मीद है। आज आधी रात तक सभी उड़ान कार्यक्रम स्थिर हो जाएँगे और सामान्य होने लगेंगे; अगले कुछ दिनों में पूर्ण सेवाएँ और स्थिरता वापस आ जानी चाहिए; यात्री इंडिगो और अन्य द्वारा स्थापित सूचना प्रणाली के माध्यम से घर बैठे देरी, यदि कोई हो, पर नज़र रख सकते हैं; उड़ान रद्द होने की स्थिति में इंडिगो टिकटों के लिए स्वचालित रूप से पूर्ण धनवापसी सुनिश्चित करेगा। आदेश में आगे कहा गया है कि अगर यात्री कहीं फंस जाते हैं, तो उन्हें उन होटलों में ठहराया जाएगा जहाँ एयरलाइनों ने आवास बुक किया है। वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष उपाय किए गए हैं। उन्हें लाउंज की सुविधा प्रदान की जाएगी; विलंबित उड़ानों के यात्रियों को जलपान और अन्य आवश्यक वस्तुएँ प्रदान की जाएँगी, नागरिक उड्डयन मंत्रालय का एक 24×7 नियंत्रण कक्ष समय-समय पर स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार हवाई यात्रियों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह सतर्क है और सभी हितधारकों के साथ लगातार परामर्श कर रही है। बयान में आगे कहा गया है कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा शुक्रवार को घोषित नियमों में छूट सहित, उड़ानों के समय को बहाल करने और जनता की समस्याओं को कम करने हेतु स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय किए जाएँगे। पूरे भारत में चल रही उड़ानों के व्यवधान के बीच, इंडिगो ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 5 से 15 दिसंबर के बीच रद्द की गई सभी उड़ानों के लिए पूर्ण धनवापसी की पेशकश करेगी, जो भुगतान के मूल तरीके से स्वचालित रूप से संसाधित हो जाएगी। एक्स पर एक पोस्ट में, एयरलाइन ने यह भी कहा कि उसने इस अवधि के दौरान रद्दीकरण या पुनर्निर्धारण पर पूरी छूट प्रदान की है और यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए, हवाई अड्डों पर भोजन और नाश्ते के साथ-साथ हजारों होटल के कमरे और भूतल परिवहन विकल्पों की व्यवस्था की गई है। इससे पहले आज, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने उड़ान संचालन को स्थिर करने और यात्रियों की परेशानी को कम करने में मदद के लिए इंडिगो एयरलाइंस को विशिष्ट क्रु ड्यूटी नियमों से एक बार की अस्थायी छूट प्रदान की। नियामक ने कहा कि यह छूट 0000-0650 बजे तक नाइट ड्यूटी के प्रावधानों और संशोधित फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नागरिक उड्डयन आवश्यकताएँ धारा 7 श्रृंखला J भाग III संशोधन 2, चरण-II के तहत रात्रि संचालन पर प्रतिबंधों को कवर करती है, जो एयरलाइन के ए320 बेड़े पर लागू है और 10 फरवरी, 2026 तक वैध है।



# पुतिन के सम्मान में भोज- थरूर आमंत्रित, राहुल-खड़गे को न्योता नहीं? कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नईदिल्ली, 06 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस पार्टी ने दावा किया कि उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में आज शाम आयोजित होने वाले राष्ट्रपति भोज में आमंत्रित नहीं किया गया है। पुतिन दो दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर को इस रात्रिभोज का निमंत्रण मिला है। बाद में, उन्होंने निमंत्रण मिलने की पुष्टि की और कहा कि वह ज़रूर इस कार्यगिम में शामिल होंगे। थरूर ने कहा कि मुझे विपक्ष के नेता को आमंत्रित न किए जाने की जानकारी नहीं है, और मुझे यह भी नहीं पता कि निमंत्रण किस आधार पर जारी किए गए। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें आमंत्रित किए जाने पर गर्व है। सूत्रों के अनुसार, संयुक्त राष्ट के पूर्व अवर महासचिव और व्यापक कूटनीतिक अनुभव वाले थरूर को रूसी कूटनीति के साथ उनके लंबे समय से जुड़े संबंधों को देखते हुए आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम राष्ट्रपति भवन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन करेंगी। इस प्रकार, राष्ट्रपति भवन में राष्ट्राध्यक्षों को औपचारिक रात्रिभोज के साथ सम्मानित करने की दीर्घकालिक परंपरा जारी रहेगी। वहीं, पुतिन को शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ महत्वपूर्ण शिखर वार्ता से पहले राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के दौरान 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। पुतिन के इस दौरे पर पश्चिमी देशों की नजर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में रूसी राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री ने रूसी नेता को निजी रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया था।

# ऊन की स्कर्ट को स्टाइल करने के बेहतरीन तरीके



ऊनी स्कर्ट सर्दियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आपको गर्म रखती है, बल्कि स्टाइलिश दिखाने में भी मदद करती है। ऊनी स्कर्ट को आप अलग-अलग तरीकों से पहन सकती हैं। चाहे आप ऑफिस जा रही हों या दोस्तों के साथ बाहर जा रही हों, इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप अपनी ऊनी स्कर्ट को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

टी-शर्ट के साथ पहनें जैकेट

टी-शर्ट के साथ ऊनी स्कर्ट पहनना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपनी पसंदीदा टी-शर्ट को ऊनी स्कर्ट के साथ पहनें और ऊपर से एक अच्छी जैकेट डालें। यह लुक न केवल आरामदायक है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। आप अपनी जैकेट को खुला रख सकती हैं ताकि आपकी टी-शर्ट दिखती रहे। इसके साथ ही आप अपने पसंदीदा जूते पहन सकती हैं, जैसे कि स्नीकर्स या बूट्स, जो आपके लुक को पूरा करेंगे।

बूट्स के साथ करें मेल

ऊनी स्कर्ट के साथ बूट्स पहनना सर्दियों में बहुत ही अच्छा लगता है। इसके लिए आप एंकल लेंथ बूट्स या घुटनों तक आने वाले बूट्स का चयन कर सकती हैं। ये बूट्स आपके लुक को एक अलग ही अंदाज देते हैं और आपको ठंड से भी बचाते हैं। आप चाहें तो बूट्स को मिलते-जुलते या विपरीत रंग में चुन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इस तरह आप ठंड में भी स्टाइलिश दिख सकती हैं।

स्वेटर या कार्डिगन का करें उपयोग

ऊनी स्कर्ट के साथ स्वेटर या कार्डिगन पहनना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपनी स्कर्ट के साथ मिलते-जुलते या विपरीत रंग का स्वेटर चुन सकती हैं, जो आपके लुक को खास बनाएगा। अगर आप अधिक औपचारिक लुक चाहती हैं तो हल्का कार्डिगन चुनें और अगर रोजमर्रा के लिए लुक पसंद है तो मोटा स्वेटर अच्छा रहेगा। इस तरह आप अपने स्टाइल को अलग-अलग मौकों पर आसानी से अपना सकती हैं।

बेल्ट लगाएं

बेल्ट का उपयोग करके आप अपनी ऊनी स्कर्ट को नया लुक दे सकती हैं। बेल्ट आपकी कमर को उभारती है और आपके पूरे लुक को आकर्षक बनाती है। आप चौड़ी या पतली बेल्ट दोनों का उपयोग कर सकती हैं। इसके अलावा बेल्ट का रंग भी आपके ऊनी स्कर्ट से मेल खा सकता है या फिर विपरीत रंग चुन सकती हैं। यह तरीका न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि आपको एक अलग ही अंदाज भी देता है।

गहनों से करें पूरा

गहने आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं। ऊनी स्कर्ट के साथ बड़े इयररिंग्स, चेन या अंगूठियां पहन सकती हैं जो आपके स्टाइल को और भी खास बनाएंगे। इसके अलावा आप हाथ में एक सुंदर क्लच बैग भी ले सकती हैं जो आपके लुक को पूरा करेगा। इस तरह से आप अपनी ऊनी स्कर्ट को अलग-अलग मौकों पर अलग-अलग अंदाज में पहन सकती हैं और हर बार नई-नई दिखेंगी।

## कल्याणी प्रियदर्शन ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग, फैंस किरदार के बारे में जानने के लिए बेताब



तमिल अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म लोका ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और उन्हें पैन-इंडिया स्टार के रूप में मजबूती भी दी। इस सफलता के बाद दर्शक और फैंस अब उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। इस कड़ी में उनकी नई फिल्म की आधिकारिक जानकारी सामने आई है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म की खास बात यह है कि यह महिला-प्रधान कहानी है। फिल्म की पूरी कहानी एक महिला पात्र के इर्द-गिर्द घूमेगी और उसकी भावनाओं, संघर्षों और सफर को मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन थिरियम एस. एन. कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण पोटेंशियल स्टूडियोज कर रहा है। यह फिल्म उनका सातवां प्रोजेक्ट है और इससे पहले वे माया, मानगरम, मॉन्स्टर, तानक्करन, इरुगापत्रु और ब्लैक जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। इन सफल फिल्मों के चलते दर्शकों का विश्वास इस बैनर पर पहले से ही बना हुआ है, और उम्मीद की जा रही है कि उनकी यह नई फिल्म भी उसी गुणवत्ता को आगे बढ़ाएगी।

कल्याणी प्रियदर्शन की कामयाबी और पोटेंशियल स्टूडियोज की लगातार सफल फिल्मों की सीरीज ने इस नए प्रोजेक्ट को पहले ही एक बड़े स्तर पर पहुंचा दिया है। दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि कल्याणी इस बार किस तरह का किरदार निभाएंगी। फिल्म में कल्याणी के साथ देवदर्शिनी और नान महान अल्ला फेम विनोद किशन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग चेन्नई में शुरू हो चुकी है। फिल्म के डायलॉग्स प्रवीण भास्कर, श्री कुमार और खुद निर्देशक थिरवियम ने मिलकर लिखे हैं। संगीत की कमान तमिल फिल्म जगत के उभरते हुए संगीतकार जस्टिन प्रभाकरन ने संभाली है।

## जॉर्जिया एंड्रियानी ने तोड़ी बोल्डनेस की सारी हदें, शिमरी साड़ी में फ्लॉन्ट किए ऐसे कर्व्स, फैंस की थम गई सांसें!



बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान की एक्स गर्लफ्रेंड, फेमस मॉडल और एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी अपने शानदार फैशन सेंस और स्टाइल के लिए जानी जाती है. वह अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से फैंस की तारीफें बटोरती रहती हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने अब अपनी कुछ ऐसी फोटोज शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस की सांसे ही थम रही है, वहीं पिक्चर्स में जॉर्जिया एंड्रियानी के कर्व्स धड़कने बढ़ाने का काम कर रहे हैं.

इटालियन मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी का हर लुक और ग्लैमरस अंदाज देखने लायक होता है. वेस्टर्न हो या इंडियन हर लुक में वह कहर ढाती है. वहीं इस बार जॉर्जिया ने शिमरी साड़ी में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कि है, जो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं. खूबसूरती के मामले में जॉर्जिया एंड्रियानी का कोई जवाब नहीं. वहीं फैशन और स्टाइलिंग में तो वो बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस क भी कड़ी टक्कर देती नजर आती है. उनका हर आउटफिट ट्रेंड सेट करने वाला होता है.

जॉर्जिया एंड्रियानी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है, जिसने सभी का ध्यान खींचा है. एक्ट्रेस इन फोटोज में पिंक कलर की शिमरी साड़ी पहने नजर आ रही हैं, जिसमें उनका कातिलाना अंदाज फैंस के दिलों पर राज कर रहा है.

इस पोस्ट में जॉर्जिया एंड्रियानी ने अलग-अलग पोज देते हुए अपने कर्वी फिगर को बेहद शानदार तरीके से फ्लॉन्ट किया है. उनकी इन अदाओं पर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं, जिससे ये तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं.

जॉर्जिया ने शिमरी साड़ी के साथ सेम कलर का स्पेगेटी स्ट्रैप डीप नेक ब्लाउज पहना है. जिसमें उनका क्लीवेज साफ-साफ नजर आ रहा है. पूरे आउटफिट में की गई बारीक कारीगरी इसकी खूबसूरती को और भी ज्यादा बढ़ा रही है, जिससे उनका लुक बेहद क्लासी लग रहा है.

जॉर्जिया एंड्रियानी ने अपने इस लुक को स्टेटमेंट नेकपीस और मैचिंग इयररिंग्स के साथ कंप्लीट किया है. ग्लॉसी मेकअप और बालों में सॉफ्ट कर्ल्स ने उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं, सच में इन तस्वीरों को देख कोई भी उन पर लट्टू हो जाएगा.

जॉर्जिया एंड्रियानी ने अपने बॉलीवुड करियर क शुरुआत फिल्म गेस्ट इन लंदन से की थी. इसके बाद उन्हें कई म्यूजिक वीडियो में भी देखा गया. खबर है कि, वो जल्द ही फिल्म श्रीदेवी बंग्लो में नजर आने वाली है, जो फिलहाल बन रही है.

## सर्दियों में बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द? राहत पाने के लिए आजमाएं ये तरीके



सर्दियों के दौरान जोड़ों में दर्द होना एक आम समस्या है। ठंड के मौसम में तापमान गिरने के कारण हमारी मांसपेशियां और हड्डियां भी ठंडी हो जाती हैं, जिससे जोड़ों में दर्द और अकड़न हो सकती है। इस लेख में हम कुछ सरल और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप सर्दियों में जोड़ों के दर्द को कम कर सकते हैं और आराम महसूस कर सकते हैं।

गर्म कपड़े पहनें

सर्दियों में जोड़ों के दर्द से बचाव करने का सबसे आसान तरीका है गर्म कपड़े पहनना। जब आप ठंडी हवा में बाहर निकलते हैं तो शरीर को गर्म रखने के लिए ऊनी या गर्म कपड़े पहनें, खासकर हाथों और पैरों को ढक कर रखें क्योंकि ये हिस्से सबसे ज्यादा ठंडे होते हैं। इसके अलावा सोते समय भी गर्म कंबल या रजाई का उपयोग करें ताकि रातभर आपको ठंड का सामना न करना पड़े।

गर्म पानी से नहाएं

गर्म पानी से नहाने से शरीर की मांसपेशियां और हड्डियां आराम महसूस करती हैं। यह तरीका न केवल जोड़ों के दर्द को कम करता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। आप चाहें तो नहाने के पानी में थोड़ा नमक या खुशबूदार तेल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे और भी ज्यादा आराम मिलेगा। इसके अलावा आप गर्म पानी की बोतल या हीटर का भी उपयोग कर सकते हैं।

हल्की कसरत करें

हल्की कसरत करने से शरीर में खून का बहाव बेहतर होता है, जिससे जोड़ों को पोषण मिलता है और दर्द कम होता है। आप सुबह-सुबह टहलने जा सकते हैं या घर पर ही योग और स्ट्रेचिंग कर सकते हैं। इससे न केवल आपका शरीर सक्रिय रहेगा बल्कि मानसिक शांति भी मिलेगी। इसके अलावा नियमित कसरत से आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी और जोड़ों पर दबाव कम होगा, जिससे दर्द में राहत मिलेगी।

गर्म पेय पदार्थ पिएं

गर्म पेय पदार्थ जैसे चाय, सूप या हल्दी वाला दूध पीने से अंदरूनी गर्माहट मिलती है और शरीर का तापमान स्थिर रहता है। ये पेय पदार्थ न केवल आपके शरीर को गर्म रखते हैं, बल्कि उनमें मौजूद पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं, जो जोड़ों के लिए फायदेमंद होते हैं। आप चाहें तो इन पेय पदार्थों में अदरक या तुलसी भी मिला सकते हैं, जिससे इनके सेहत के लिए फायदेमंद गुणों में और वृद्धि होगी।

खान-पान का सही होना भी जोड़ों के दर्द को कम करने में अहम भूमिका निभाता है। अपने खाने में विटामिन-डी, कैल्शियम और ओमेगा-3 फैटी एसिड शामिल करें, जो हड्डियों और मांसपेशियों के लिए जरूरी होते हैं। फल-सब्जियां, दालें और नट्स का सेवन करें ताकि शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिल सकें। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप सर्दियों में होने वाले जोड़ों के दर्द से राहत पा सकते हैं और एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

## हॉरर थ्रिलर ईशा का ट्रेलर आउट, 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ को तैयार है फिल्म



श्रीनिवास मन्ने की डायरेक्ट की हुई हॉरर थ्रिलर ईशा, 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। फिल्म में त्रिगुण, अखिल राज, हेबाह पटेल, सिरी हनमंत और बबलू पृथ्वीराज जैसे शानदार कलाकार हैं, जो अहम रोल में हैं। टीम ने हाल ही में एक ज़बरदस्त टीज़र रिलीज़ किया है, जो दर्शकों को ईशा की डरावनी दुनिया की पहली झलक दिखाता है।

टीज़र की शुरुआत स्कूली बच्चों के एक ग्रुप से होती है जो भूतों की कहानियों पर बात कर रहे हैं, जिसके बाद परेशान करने वाले विज़ुअल्स और टेंशन भरा साउंडस्केप दिखाया जाता है। जैसे-जैसे कहानी में किरदारों की डरावनी मुलाकातों और एक खाली घर के आस-पास के डरावने रहस्यों का इशारा मिलता है, फिल्म एक ज़बरदस्त सिनेमैटिक एक्सपीरियंस का वादा करती है। म्यूज़िक आरआर ध्रुवन ने बनाया है, और विज़ुअल्स सिनेमैटोग्राफर संतोष सनमणि ने बनाए हैं।एचवीआर प्रोडक्शंस के तहत पोथुला हेमा वेंकटेश्वर राव द्वारा प्रोड्यूस की गई, ईशा को केएल दामोदर प्रसाद प्रेज़ेंट कर रहे हैं। फिल्म को प्रोड्यूसर बनी वास और वामसी नंदीपति का सपोर्ट है, जो लिटिल हार्ट्स और राजू वेड्स रामबाई जैसी लगातार सफल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनके शामिल होने से इंडस्ट्री सर्कल और दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं।अपनी डरावनी कहानी, शानदार कास्ट और टैलेंटेड टेक्निकल क्रू के साथ, ईशा दर्शकों को एक डरावना अनुभव देने के लिए तैयार है। अपने कैलेंडर में 12 दिसंबर, 2025 मार्क कर लें और रोमांच के लिए तैयार हो जाएं।

## संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी



संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।

टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते हैं।

मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 249

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 248 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र.249

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.248 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# मनमानी कर स्टेडियम की जमीन पर 12 दुकान बन रही थी, एसडीएम ने रोक लगाई

**नगर पंचायत पटना का मामला**

**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर पंचायत में मनमानी कर मिनी स्टेडियम की जमीन पर 12 दुकान निर्माण कराने के मामले में रोक लगाई गई है। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत के माध्यम से स्टेडियम की जमीन पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। मामले में तहसीलदार पटना ने एसडीएम कार्यालय को प्रतिवेदन पेश किया था। जिसमें बताया गया कि पटवारी हलका 10 तहसील पटना स्थित शासकीय भूमि खसरा 163/4 रकबा 1.335 हेक्टेयर का स्थल निरीक्षण पटवारी व तहसीलदार की उपस्थिति में किया गया। जो कि राजस्व अभिलेख में नजूल भूमि खेलकूद के मैदान कैफियत कॉलम में दर्ज है। उक्त भूमि पर मिनी स्टेडियम निर्मित है। इसी भूमि पर मुख्य मार्ग पाण्डवपारा की तरफ लगे हिस्से में पहले से ग्राम पंचायत से निर्मित दुकानें बनाई है। इस भूमि के उस हिस्से में जिस पर पंचायत से दुकानें निर्मित है। जो स्टेडियम की दीवार है। उसके खाली भाग पर वर्तमान में 47 गुणा 5.5 मीटर कुल 258.5 वर्गमीटर पर पक्की 12 दुकान निर्माण कराया जा रहा है। स्थल पर 11 फीट ऊंची दीवार तीन तरफ से खड़ी कर दी गई है। जिसकी ढलाई होनी शेष है। मौके पर पार्षद राजेश सोनी ने राजस्व अमले को बताया कि ग्राम पंचायत के समय से निर्माण अधूरा छोड़ा गया था। जिसे अब नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद पूरा किया जा रहा है। मामले में निर्माण कार्य को नगर पंचायत से अनुमति या कोई प्रस्ताव पास है अथवा किसी प्रकार का टेंडर होने की जानकारी ली गई। जवाब में पार्षद ने अनभिज्ञता प्रकट की और कहा गया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है। निर्माण कार्य कौन करा रहा है, यह पूछने पर बताया गया कि यह निर्माण कार्य देवेन्द्र सिंह करवा रहा है। मौके पर श्रमिक नहीं मिले, लेकिन भवन निर्माण सामग्री ईंट, बालू एवं गिट्टी गिरी हुई मिली। मामले में नजूल अधिकारी एवं एसडीएम बैकुंठपुर ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है।



**नगर पंचायत सीएमओ को नोटिस जारी**

नजूल अधिकारी एवं एसडीएम बैकुंठपुर ने शासकीय भूमि पर मनमाने तरीके से 12 दुकान निर्माण पर रोक लगाई है। मामले में सीएमओ नगर पंचायत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जिसमें उल्लेख है कि स्थल पर जाकर निर्माण कार्य को रोक लगाएं। साथ ही निर्माण कराने वाले ठेकेदार या व्यक्ति को कार्यालय में हाजिर करें। साथ ही निर्माण को लेकर विस्तृत प्रतिवेदन तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।

## नवीन महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर छात्राओं को मिला सशक्तिकरण और सुरक्षा का संदेश

**एमसीबी।** महिला सशक्तिकरण केन्द्र (मिशन शक्ति हब) की ओर से आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस और लिंग आधारित हिंसा की समाप्ति हेतु चल रहे 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के तहत नवीन महाविद्यालय नागपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को लिंग आधारित हिंसा समाप्ति, दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का संदेश दिया गया। यह आयोजन मिशन शक्ति, नवाबिहन और सखी केंद्र के संयुक्त सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को वीरांगनाओं के आदर्शों से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर बनने, आगे बढ़ने और सामाजिक बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बालिकाओं में लैंगिक समानता, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सखी वन-स्टॉप सेंटर, संवेदनशीलता, साइबर सुरक्षा और आपातकालीन नंबर 181, 1098, 1930 की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। इसके अलावा सुकन्या समृद्धि योजना, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट सहित कई महत्वपूर्ण कानूनों और विभागीय योजनाओं के बारे में भी बताया गया। योजनाओं से संबंधित ब्रोशर का वितरण कर छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम कीकर पांडे, पिंकी सिंह (हिंदी), राम शरण सिंह (भूगोल), मोहन मुरारी कंवर (भौतिक), विश्वनाथ संघ (वाणिज्य), उज्जवल विशाल (गणित), अरविंद बंजारे (राजनीति शास्त्र), जय तिवारी (रसायन शास्त्र), हिमांशु त्रिवेदी (वनस्पति विज्ञान), मोनिका अग्रवाल (वाणिज्य), मुक्ति लता और विपिन कुमार (जंतु विज्ञान) सहित अनेक शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने सामाजिक समानता, सुरक्षा और सशक्तिकरण के संदेश को समाज में आगे ले जाने का संकल्प लिया।

**10 दिसंबर को सामान्य सभा व सामान्य प्रशासन समिति की बैठक**

**सूरजपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी पैकरा की अध्यक्षता में 10 दिसंबर को 11:00 बजे से जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आहूत की जायेगी।

**राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई**

**सूरजपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रशासन की सख्त निगरानी के तहत जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम चाचीडांड (डांडकारवां) में आज सुबह बड़ी कार्रवाई की गई। सुबह 5 बजे एक छहपहिया वाहन में 200 बोरी (लगभग 80 क्विंटल) धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिसे टीम द्वारा मौके पर पकड़ा गया। अवैध परिवहन में उपयोग किए गए वाहन सहित समस्त धान को जब्त कर सहकारी समिति रेवटी को सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर, नायब तहसीलदार प्रतापपुर एवं खाद्य निरीक्षक प्रतापपुर की सक्रिय भूमिका रही।

## दंतैल हाथी का कहर, आधी रात को 6 गाय-भैंस को मार डाला, एक ग्रामीण घायल





**कोरिया बैकुंठपुर।** मरवाही वनमंडल से खड़गवां वनपरिक्षेत्र आया एक दंतैल हाथी ने गुरुवार रात को ग्राम बेलकामार में छह गाय-भैंस को मार डाला। इस दौरान हमले में एक भैंस और ग्रामीण को घायल हो गए हैं। वन अमले की मदद से ग्रामीण को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, जीपीएम जिले से दो दिन पहले खड़गवां क्षेत्र पहुंचा है। जो देवाडांड़ बीट के ग्राम बेलकामार जंगल में डेरा डाला है। गुरुवार रात को बीट क्रमांक के बिरनीडांड जंगल से होकर सकड़ा पहुंचा। फिर कक्ष क्रमांक पी607 से होकर बहेराबांध कक्ष क्रमांक 611, 617 में विचरण करता रहा। इस दौरान सहित ग्राम फुनगा छह मवेशी को मौत के घाट उतार दिया। जिसमें तीन रास गाय, दो बैल और एक भैंस शामिल है। वहीं दंतैल के हमले में खलिहान में धान की रखवाली करने सो रहे ग्रामीण कुंभकरण और एक भैंस को चोट लगी है। मामले में खड़गवां वन अमला निगरानी में जुटा हुआ है। ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने समझाइश दे रहा है। इधर धान कटाई के सीजन में हाथी मूवमेंट से किसान चिंतित हैं। घर से दूर स्थित खेत में धान कटाई करने नहीं जा रहे हैं और रात को खलिहान-खेत में धान की फसल नुकसान की बात पर डरे हुए हैं। वन विभाग ने दंतैल हाथी को ग्राम कोड़ा, नेवारी, कांसाबहरा से होकर मरवाही वनमंडल जाने का अनुमान लगाया है। दंतैल हाथी शुक्रवार सुबह बेहराबांध से विचरण करते ग्राम कोड़ा पहुंच गया। इस दौरान दोपहर में आसपास चरने वाले चार मवेशी पर हमला कर दिया। जिससे मवेशी घायल हो गए हैं। दंतैल हाथी को दोपहर बाद कोड़ा पुलिस चौकी के समीप विचरण करते देखा गया है। फिलहाल वन अमला लगातार निगरानी में जुटा हुआ है। हाथी विचरण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने की समझाइश दी जा रही है। वन अमला हाथी पर नजर बनाया हुआ है। घायल ग्रामीण धान मिसाई कर अपने खलिहान में सोया हुआ था। तभी हाथी ने हमला कर दिया। जिसे तत्काल अपने वाहन से हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां घायल का उपचार हो रहा है। हाथी के हमले से हानि का प्रकरण तैयार किया जा रहा है।

## जिले में अवैध धान भंडारण व व्यापार पर सख्त कार्रवाई

**एमसीबी।** खरीदी वर्ष 2025-26 के दौरान धान के अवैध व्यापार, भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु छत्तीसगढ़ शासन तथा कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले में बहुस्तरीय निगरानी एवं जांच दल का गठन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी सख्त निर्देशों के पालन में जिले में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। 04 दिसंबर 2025 को मनेंद्रगढ़ मंडी सचिव शैलेन्द्र सिंह भास्कर के नेतृत्व में मंडी जांच दल द्वारा विभिन्न ग्रामों में निरीक्षण अभियान संचालित किया गया।निरीक्षण के दौरान ग्राम बुंदेली से 38 बोरी धान, ग्राम उधनापुर (3 व्यापारियों के गोदाम) से 116 बोरी धान, ग्राम बोडेमुड़ा से 80 बोरी धान, ग्राम धनपुर से 28 बोरी धान संदिग्ध एवं अवैध रूप से भंडारित पाए गए। सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जांच दल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध धान खरीदी, बिक्री, भंडारण एवं परिवहन को रोकने हेतु सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आगामी दिनों में भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं:मंत्री राजवाड़े

**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज नगर पालिका परिषद कार्यालय के समीपस्थ स्थित रंगमंच सूरजपुर में किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 20 ट्राईसाइकिल, 15 व्हील चेयर, 15 जोड़ी बैसाखी, 05 ब्लाईंड स्टिक , 20 छड़ी ,04 नग एमआर किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग जनों के लिए किया जा रहे उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला गरियाबंद को सर्वोत्तम जिले के रूप में सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राज्य स्तर समिति द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने हेतु पांच दिव्यांगजनों को चयनित कर सम्मानित किया गया और प्रत्येक व्यक्ति /संस्था को 5001 रूपये की राशि का चौक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग कुमारी शीतल विश्वकर्मा व ज्ञानोदय के मुक-बधिर बच्चों द्वारा शानदार नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। यह आत्मविश्वास ही उन्हें विशेष पहचान देता है। छत्तीसगढ़ शासन उन्हें हर स्तर पर प्रोत्साहित करने और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि परमात्मा हमारे शरीर में भले ही कोई एक गुण कम करता है, लेकिन बदले में कई गुण बढ़ाकर भी देता है। दिव्यांगजन समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी अपने-अपने क्षेत्र में योग्यताएं हैं। शासन की भावना सर्वे भवन्तु सुखिन: रही है। दिव्यांगजन के लिए केंद्र व राज्य शासन दोनों कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्यांग शब्द प्रदान करने से समाज का दृष्टिकोण सकारात्मक रूप से बदला है। इसी सकरात्मक दृष्टिकोण को आप और सभी को आगे बढ़ाना है और उन्हें सामन अवसर प्रदान करना है । कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री व वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि ''दिव्यांगजन समाज की शक्ति हैं, उनकी मजबूती और आत्मविश्वास ही समाज को नई दिशा देता है। राज्य सरकार उनके अधिकारों, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विभिन्न योजनाओं और सहयोग के माध्यम से दिव्यांगजन के जीवन में सुधार लाने का सतत प्रयास जारी है।'' विधायक भूलन सिंह मराबी ने कहा कि ''दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं ने उन्हें नए अवसर प्रदान किए हैं। समाज के हर वर्ग का दायित्व है कि वे संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों की प्रतिभा को आगे लाने में सहयोग करें।'' उन्होंने समावेशी विकास को सच्चे अर्थों में राज्य की प्राथमिकता बताते हुए सभी दिव्यांगजनों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की संचालक रोक्तिमा यादव भी उपस्थित थी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 21 प्रकार की दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित जनों को दिव्यांगजन दिवस मनाने के उद्देश्य व विभागीय योजनाओं से बिन्दुसार परिचित कराया। कार्यक्रम में कलेक्टर एस.जयवर्धन ने दिव्यांगजनों के हित में प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यो से उपस्थित जनों को अवगत राया।उन्होंने कहा कि, ''हमारा प्रयास है कि दिव्यांगजन को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि समाज के अभिन्न और सक्रिय सदस्य के रूप में देखा जाए। उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है।'' कार्यक्रम में जिले के गणमान्य नागरिक, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े , नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, पार्षदगण, जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद सदस्यगण, पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, सूरजपुर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, पाठय पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीम सिंह अग्रवाल, श्री मुरली मनोहर सोनी, संदीप अग्रवाल, जनप्रतिनिधि गण, जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र पाटले व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शासकीय कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली होगी लागू

**सूरजपुर।** आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2026 से समस्त विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त एवं कलेक्टर में श्क्क्र प्रणाली लागू की जाएगी।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण प्रदान की गई, जिसमें संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही श्क्क्र ऐप का इंस्टॉलेशन भी कराया गया।जिसके माध्यम से पंजीकरण के बाद कर्मचारी प्रतिदिन अपनी उपस्थिति ऐप के माध्यम से मार्क करेंगे।



## युवा उत्सव में युवाओं की दमदार प्रस्तुति

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 4 दिसंबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 14 सांस्कृतिक व साहित्यिक विधाओं में युवाओं ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ दीं। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने युवाओं को अनुशासन, स्पष्ट लक्ष्य और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी। पंथी, राउत नाचा, सुआ, करमा, लोकगीत, नाटक, रॉक बैंड, चित्रकला, कविता, कहानी और नवाचार सहित कई विधाओं में प्रस्तुतियाँ हुईं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उत्सव में निर्णायक दल, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विश्व मृदा दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सोनगरा ,पीपरपारा, श्यामनगर में कृषि विभाग के मार्गदर्शन में किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं विस्तृत बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों द्वारा मृदा स्वास्थ्य के महत्व, मिट्टी परीक्षण की आवश्यकता, फसल चक्र अपनाने के लाभ, जैविक एवं हरी खाद के उपयोग के तरीके, तथा मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की विशेषताएँ तथा उसके आधार पर फसल एवं खाद प्रबंधन के सही तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कृषि अधिकारियों ने उपस्थित किसानों की शंकाओं का समाधान करते हुए व्यावहारिक सुझाव भी दिए। किसानों ने भी मिट्टी प्रबंधन से संबंधित अपने अनुभव साझा किए तथा कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर कृषि विभाग द्वारा दिए गए।रबी सीजन में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल 67 किसानों को सरसों, चना एवं मूंग के प्रमाणित बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम किसानों में मिट्टी संरक्षण, सतत कृषि पद्धतियों तथा बेहतर कृषि प्रथाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंत में सरपंच, जनपद सदस्य एवं किसानों की उपस्थिति में मृदा की सुरक्षा हेतु सामूहिक शपथ ग्रहण करवाया गया तथा जैविक खेती हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 11 दिसंबर को मंगल भवन में किया जाएगा आयोजन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा उत्सव जिला सूरजपुर में कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र कुमार पाटले के मार्गदर्शन में 11 दिसंबर को समस्त विकासखण्ड मुख्यालय से प्रतिभागी दल भाग लेगें। खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय ने बताया कि युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव विकासखण्ड में न होकर इस वर्ष जिला स्तरीय में आयोजित होगा। जिला स्तर में चयनित प्रतिभागी दल राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेगे। विकासखण्ड स्तरीय के लाने एवं ले जाने नोडल समस्त जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक नोडल समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा इस वर्ष युवा उत्सव का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने एवं उनकी प्रतिमाओं को निखारने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा। युवा उत्सव में 14 विधायें सम्मिलित की गई है, जिसमें सामूहिक लोक नृत्य, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, राउत नाचा, सामूहिक लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक, वाद-विवाद, कविता लेखन, नवाचार, विज्ञान मेला, एकांकी नाटक, पारम्परिक वेशभूषा जिसमें से केवल रॉक बैंड भी आयोजित किया जायेगा। युवा उत्सव में 15 से 29 एवं 18 से 40 आयु वर्ग के महिला - पुरुष प्रतिभागी दल भाग ले सकते है। आयोजन में भाग लेने अथवा किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु प्रतिभा दल कार्यालयीन दिवस में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय अथवा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आदि से संपर्क कर सकते है।

## सुगम आवागमन के लिए राजवाड़े द्वारा ग्रामीण सड़क निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत आज ग्राम नवाटोला में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस योजना अंतर्गत तीन ग्रामों में सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसके अंतर्गत ओडगी नवाटोला मुख्य मार्ग से खालबहरा मार्ग तक 0.20 किमी सड़क निर्माण, लागत 17.07 लाख, मेन रोड भंडारापारा से बगीचा तक 0.20 किमी सड़क निर्माण, लागत 17.07 लाख तथा देवलपारा से संतलाल तक सड़क निर्माण 0.50 किमी, लागत ?40.23 लाख रुपए शामिल है। अत:कुल सड़क लंबाई 0.90 किमी और कुल स्वीकृत राशि 74.37 लाख है।इन सड़कों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को पक्की सड़क की सुविधा प्राप्त होगी तथा आवागमन में सुगमता आएगी।

## सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया औचक निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार डॉ कपिल देव पैकरा और जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें वहां पर पदस्थ सभी कर्मचारियों का आधार अटेंडेंस उपस्थिति जांच किया गया, साथ ही समय पर अस्पताल खुलने एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार के सुविधाओं को देने के लिए निर्देशित किया गया और संस्था प्रभारी को 10.30 बजे तक आधार अटेंडेंस की उपस्थिति अनिवार्य रूप से निगरानी करते हुए अनुपस्थित लोगों का सूची सीएमएचओ कार्यालय भेजने के लिए निर्देश दिया गया।

# शिक्षकों के संयुक्त प्रयासों से भण्डारपारा के बच्चों को मिली 'सर्दी की वर्दी

**कोरिया बैकुंठपुर।** देश के भविष्य माने जाने वाले बच्चे सभी को सच्चे और अच्छे लगते है लेकिन कड़ाके की ठंड में देश के इस भविष्य को ठिठुरते हुए स्कूल जाना जब किसी को नजर नहीं आता तो ऐसे में विद्यालय के शिक्षकों ने सामाजिक पहल कर इनकी तरफ हाथ बढ़ाया।

दिसंबर की शीतलहर के असर व कड़ाके की ठंड की मार से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाले सभी जरूरतमंद 75 स्कूली बच्चों की मन की पीड़ा को समझते हुए,उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा का ख्याल करते हुए शाला में उनकी कम होती उपस्थिति की समस्या के समाधान के एक विकल्प के रूप में मा शाला-भण्डारपारा के शिक्षकों ने अपने निजी खर्च के सहयोग से कक्षा 6वीं से 8वीं के प्रत्येक स्कूली बच्चे को सर्दियों से बचाने गर्म कपड़े के रूप में एक नया स्वेटर निशुल्क प्रदान करते हुए शिक्षा के साथ साथ सामाजिक संवेदनशीलता, भागीदारी की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए अपना दायित्व निभाया। कार्यक्रम का शुभारंभ, मु.अतिथि संकुल प्राचार्य रमाशंकर साहू व सरपंच प्रतिनिधि सुखनंदन मिंज द्वारा देवी मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिक्षकों और बच्चों द्वारा अतिथियों का स्वागत बैंड-बाजे,तिलक,पुष्पवर्षा व सुमन, माल्यार्पण से किया गया। बच्चों द्वारा देवी सरस्वती वंदना,स्वागत गीत के साथ सुन्दर व मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। उपस्थित अतिथियों के करकमलों से शाला के प्रत्येक बच्चे को स्वेटर वितरित किए गए।

स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशियों के उत्साह और मुस्कानों की चमक से खिल उठे। तिमाही आंकलन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के रूप में मेडल,कलम,प्रमाण पत्र के साथ मिष्ठान्न खिलाकर पुरस्कृत किया गया तदोपरांत बच्चों, पालकों व उपस्थित ग्रामवासियों ने महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित न्योता भोज का आनंद लिया। पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता बढ़ाने,भविष्य के मजबूत उद्यम के रूप में औषधीय गुणों से भरपूर विशिष्ट सुगंध वाले पूरी दुनिया के सबसे मंहगे पौधे अगरवुड जिसकी प्राकृतिक लकड़ी को 'वुड ऑफ गॉड' और तेल को 'लिक्विड गोल्ड' कहते हैं जिनकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखो रुपए की होती है,पंचायत व यूथ व इको क्लब सदस्यों द्वारा रोपण कर शिक्षकों द्वारा इसकी खेती की पूरी प्रक्रिया की व्यवसायिक शिक्षा दी गई।





उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन उद्घोषक शिक्षक पंकज कुमार बाजपेयी ने किया। मु.अतिथि ने अपने संबोधन में इसे विद्यालय व बच्चों के प्रति शिक्षकों का विशेष स्नेह व समर्पण बताया,वहीं सरपंच ने इसे नया दिन की संज्ञा देकर,नेक सोच वाले ऐसे शिक्षकों का मिलना,गांव के लिए सौभाग्य बताया।

सी.ए.सी ने शिक्षकों के सार्थक प्रयासों से गांव में शिक्षा की बेहतर बनती तस्वीर की सराहना कर पालकों से बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित कर नियमित शाला भेजने की अपील की। सदस्यों,पालकों और ग्रामवासियों ने शिक्षकों के अनवरत नव प्रयासों के प्रति साधुवाद व्यक्त किया,अंत में आभार प्रकट प्र.पाठक राजेश कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक श्रीमती अनिता शुक्ला, प्रदीप कुमार साहू, संकुल समन्वयक रंजीत सिंह सहित समस्त स्टाफ,स्स्ष्ट अध्यक्ष परमजीत,उपाध्यक्ष झलेश्वर राजवाड़े सहित अभिभावक गण व गणमान्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## महिला कांग्रेसी जाएंगे दिल्ली

**कोरबा।** कांग्रेस के द्वारा 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले आंदोलन के लिए छत्तीसगढ़ की महिला कांग्रेसी भी तैयारी में जुट गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष फुलोदेवी नेताम के नेतृत्व में सभी जिलों से महिलाएं आंदोलन में शामिल होंगीं। कोरबा जिले से अध्यक्ष प्रभा तंवर, महामंत्री भुनेश्वरी दास, संतोषी चौहान सहित कई महिलाएं जाने की तैयारी कर रहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष फुलोदेवी नेताम ने सभी महिलाओं से कहा है कि महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्हें तैयारी करने को कहा है, क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार महिलाओं को भी काफी संख्या में ले जाना है।

## जिला चिकित्सालय का होगा निरीक्षण

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट मेडिसिन सप्लाईज कार्पोरेशन के अध्यक्ष व भाजपा आईटी सेल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक महेश के आज जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगे। उनके साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के अलावा कोसाबाड़ी नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, महामंत्री पुनीराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता रहेंगे। श्री महेश के कल रात में ही कोरबा पहुंच गए थे। सीएसईबी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

## मानिकपुर खदान का अवलोकन

**कोरबा।** सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आज रायगढ़ से आए सेफ्टी सदस्यों ने मानिकपुर खदान का निरीक्षण किया। खदान में जाकर उन्होंने कोयला कामगारों से मुलाकात की। मानिकपुर में दो दिसंबर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके तहत दुर्घटना से बचने कामगारों को जागरूक किया जा रहा है। पिछले दिनों सरईपाली, सिंघाली, बगदेवा खदान का भी निरीक्षण किया गया था। इस दौरान सेफ्टी सदस्य मनीष सिंह, अशोक सिंह, कृष्णा तिवारी, सुरेश श्रीवास मौजूद थे।

### परिवहन के लिए पीएमजीएसवाय बनी जरिया, 40 टन वाली गाड़ियों के चलने से उठे सवाल

# एनटीपीसी की जरूरत के लिए मुरूम का अवैध खनन, ग्रामीण सड़क पर दौड़ रही गाड़ियां

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरत को पूरा करने और लोगों को सहूलियत देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में पीएमजीएसवाय योजना लांच हुई जो लगातार जारी है। इसके अंतर्गत दूरदराज के इलाके को सड़क कनेक्टिविटी दी जा रही है। इस मामले में गाड़ियों के लिए नियम बनाए गए हैं। इधर कटघोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कसरेंगा में पीएमजीएसवाय की सड़क पर अवैध मुरुम उत्खनन और उसका बेखौफ परिवहन हो रहा है। अवैध रूप से 40 टन वजनी गाड़ियां दौड़ने पर न केवल सवाल खड़े हो रहे हैं बल्कि सड़क के लंबे समय तक टिकने पर संशय बना हुआ है।



खबर के अनुसार कसरेंगा में गौचर भूमि से मुरुम की खुली खुदाई और भारी वाहनों की आवाजाही ने न केवल ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। कसरेंगा की गौचर भूमि से एक ठेकेदार द्वारा बिना किसी आधिकारिक अनुमति के बड़े पैमाने पर मुरुम की खुदाई की जा रही है। दिन-रात लगातार जेसीबी मशीनों की मदद से मुरुम निकाल कर हाइवा वाहनों में भरकर ले जाया जा रहा है। ये हाइवा वाहन धनरास स्थित एनटीपीसी के राखड़ डेम तक मुरुम परिवहन कर रहे हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्थानीय प्रशासन, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और खनिज विभाग सभी इस अवैध गतिविधि पर पूरी तरह मौन हैं। जबकि खनिज विभाग बार-बार यह दावा करता रहा है कि जिले में अवैध उत्खनन पर सख्त रोक है। वे खुलेआम गौचर भूमि को खोखला कर रहे हैं। यदि जल्द ही रोक नहीं लगाई गई, तो न केवल गांव की सार्वजनिक भूमि प्रभावित होगी, बल्कि पीएमजीएसवाय सड़क भी भारी नुकसान झेल सकती है। कसरेंगा में चल रहा यह अवैध मुरुम उत्खनन प्रशासनिक लापरवाही की ओर सीधा संकेत है। अब देखना यह है कि विभाग कब जागता हैं और इस अवैध गतिविधि पर रोक लगाकर ग्रामीण हित और सरकारी संपत्ति की रक्षा करते हैं।

### 12 टन तय की गई है भार वहन क्षमता

गांव से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तहत बनी सड़क का उपयोग किया जा रहा है। इस सड़क की वहन क्षमता महज 12 टन है, लेकिन वर्तमान में मुरुम लोडेड हाइवा का वजन 40 टन तक बताया जा रहा है। क्षमता से तीन से चार गुना ज्यादा भार के बावजूद इन वाहनों पर कोई रोक-टोक नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी भारी गाड़ियों की आवाजाही से सड़क कभी भी क्षतिग्रस्त होकर उपयोग लायक नहीं बचेगी।

## लोकसेवा गारंटी की उपेक्षा करने पर निरीक्षक साहू सस्पेंड

**कोरबा।** विधिक मापविज्ञान के नियंत्रक ने कोरबा की निरीक्षक नेहा साहू को सस्पेंड कर दिया है। आदेश के तहत उन्हें बिलासपुर कार्यालय संलग्न किया गया है। निरीक्षक पर लोकसेवा गारंटी की सेवा और कामकाज में उदासीनता बरतने का आरोप है।

नियंत्रक द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया कि कोरबा निरीक्षक ने सत्यापन के लिए 82 आवेदन पत्रों के मामले में रूची नहीं ली। साढ़े तीन महीने बीतने पर भी यह काम लंबित रहा। सरकारी पोर्टल में 102 दिन का अंतराल पेंडेसी में नजर आ रहा है। जबकि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत 15 दिवस में इस काम को करना है। इस तरीके से निरीक्षक ने लोकसेवा गारंटी अधिनियम 2011 का उल्लंघन हुआ है। इसके साथ ही सिविल सेवा आचरण



1985 के नियम 3 की भी धज्जी उड़ाई गई है। नियंत्रक ने निरीक्षक की कार्यप्रणाली को अत्यंत आपत्तिजनक मानते हुए फौरी तौर पर निलंबित कर दिया। याद रहे विधिक मापविज्ञान के अंतर्गत व्यवसायियों के तराजू और तौल कांटों का सत्यापन करना होता है। इसके जरिये यह पड़ताल की जाती है कि सामानों की मापतौल के लिए संबंधित उपकरण के पैरामीटर सही है या नहीं। इसी के लिए स्थानीय लोगों ने यहां पर आवेदन दिए थे। इस कड़ी में सत्यापन करने के लिए निरीक्षक द्वारा उदासीनता दिखाई गई। हालिया कार्यवाही के बाद दूसरे निरीक्षक से इस काम को लिया जाएगा।

## पावर हब में नीचे आया पारा अब कई जगह अलाव का सहारा



### कई जगह सामाजिक संगठनों ने की व्यवस्था

कोरबा। पावर सिटी कोरबा और इसके आसपास ठंड के मौसम में तापमान का पारा पिछले दो दिन से और नीचे आ गया है। इसे दिन और रात दोनों में साफतौर पर महसूस किया जा रहा है। इसलिए विभिन्न स्थानों पर अलाव का सहारा लेने के लिए लोग आगे आए हैं। फिलहाल सामाजिक संगठनों ने इसकी व्यवस्था की है।

कोरबा की स्लम इलाकों में अलाव की प्रारंभिक व्यवस्था हालिया मौसम को देखते हुए अलाव का इंतजाम किया गया है ताकि खासतौर पर रात में लोगों को राहत मिले। व्यस्त क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों ने अपने संसाधन इस मामले में लगाए हैं। बुधवारी, खरमोरा, दादर, सीतामणी, कलमीडुग्गू और बैगिनडभार जैसे क्षेत्रों में अलाव तापते हुए लोगों को देखा जा रहा है। लोगों ने कहा कि जिस कदर ठंडी के तेवर बढ़े हैं उसमें उपेक्षा करना लापरवाही हो सकता है और फिर इसके खतरे भी सामने आ सकते हैं।

वहीं बांकीमोंगरा नगर पालिका क्षेत्र में अलाव का इंतजाम करने के लिए पार्षद अश्वनी मिश्रा ने नगर पालिका सीएमओ से पत्राचार किया है। उन्होंने कहा कि मौसम जिस तरह से बदला है ऐसे में नागरिकों की परेशानी को देखते हुए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए। कटघोरा और छुरीकला क्षेत्रों में कुछ समाजों की ओर से अपने सरोकार का प्रदर्शन इस मसले को लेकर किया गया। उनका कहना है कि हर चीज के लिए सरकारी सिस्टम की तरफ निगाहें ताकना उचित नहीं।

# रोजगार के लिए नीलकंठम पर दबाव के साथ प्रदर्शन, पुलिस ने की कार्रवाई

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा में आउट सोर्सिंग पर काम कर रही नीलकंठम अलग-अलग कारणों से विवादों में है। स्थानीयों को काम देने में आनाकानी करने पर लोगों ने मौके पर प्रदर्शन किया। मामला बिगड़ा तो पुलिस तक जानकारी हुई, कुछ लोगों को गिरफ्तार करने की खबर है।

खबर के अनुसार कुसमुंडा में स्थानीय बेरोजगारों को एक निजी कंपनी में प्राथमिकता से रोजगार देने की मांग को लेकर शनिवार की सुबह एक संगठन के कार्यकर्ता बड़े स्तर पर आंदोलन करने पहुंचे। लेकिन आंदोलन शुरू होते ही पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और बसों में भरकर कुसमुंडा थाने ले जाया गया। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के सदस्यों ने आरोप लगाया कि उक्त निजी



कंपनी द्वारा पूर्व में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया था, परंतु कंपनी ने न तो पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की और न ही सूचीबद्ध स्थानीय वाहन चालकों को नियुक्त किया। इसके विपरीत, अन्य राज्यों से लगातार वाहन चालक बुलाकर काम कराए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय युवाओं में गहरा असंतोष व्याप्त है।

## एलबीसी पर समानांतर पुल बनने से होगी राहत

**कोरबा।** शहर में यातायात की समस्या का निराकरण करने के लिए न केवल प्रशासन जागरूक हुआ है बल्कि सरकार ने भी इस तरफ ध्यान दिया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के कोरबा प्रवास पर उन्होंने इस मसले को जाना और तत्काल करोड़ों की राशि समानांतर पुल के लिए मंजूर कर दी। कोरबा शहर में पावर हाउस रोड के पास से गुजरने वाली सिंचाई विभाग की बायीं तट नहर में इसका निर्माण अग्रसेन प्रतिमा के पास राताखार क्षेत्र में होना है। कलेक्टर और कमिश्नर के साथ अधिकारियों ने हाल में इस स्थान का दौरा किया। बताया गया कि ब्रिज सस्पेंशन फ्री होगा और इससे 10 वार्डों का ट्रैफिक डायवर्ट होगा।

## फुटबॉल टीम चिरमिरी रवाना

**कोरबा।** एसईसीएल अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन चिरमिरी में किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व की टीम रवाना हो गई है। इस टीम में मैनेजर दिलीप सिंह, राजेंद्र यादव, लक्ष्मण राव के अलावा सभी खिलाड़ी कल शाम को रवाना हुए हैं। जबकि ब्रिज प्रतियोगिता सोहागपुर में आयोजित है। केंद्रीय कर्मशाला की ओर से बाबूलाल चंद्रा, दादूलाल राठौर सहित अन्य खिलाड़ी सोहागपुर के लिए रवाना हुए हैं। 10 दिसंबर को बिरसिंहपुर पाली में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित है। जिसमें केंद्रीय कर्मशाला गेवरा की ओर से विकास शुक्ला, जीएम शाखा कोरबा भुवनेश्वर कश्यप सहित कई खिलाड़ी बिरसिंहपुर पाली जाएंगे।

## अतिक्रमण के बाद की स्थिति देखी प्रशासन ने

**कोरबा।** कटघोरा शहर में बढ़ते अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा सोमवार को हटाने के बाद आज कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना के निर्देश पर कटघोरा नगर पालिका के सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी एवं थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने मौके का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि पिछले मामलों में किसी ने फिर से मनमानी तो नहीं की है। इसके साथ ही जिन मामलों में अतिक्रमण नहीं हटा है उस पर लोगों को नसीहत दी गई।

## महाराणा प्रताप नगर में हुआ गृह संपर्क

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में अखिल भारतीय स्तर पर बनाई गई योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों पर कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के जन जागरण अभियान को इस श्रृंखला में शुरू किया गया है। कोरबा के महाराणा प्रताप नगर क्षेत्र में स्वयंसेवकों के द्वारा गृह संपर्क किया गया। कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 15 नवंबर से इस अभियान को हाथ में लिया गया। तब से लगातार इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकारी मिली है कि अधिकांश



क्षेत्रों में सक्रिय समूह के द्वारा कामकाज पर ध्यान दिया गया और अभियान की पूर्ति कर ली गई। इस दौरान लोगों को वर्ष 2025 26 में राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे पंच परिवर्तन की जानकारी दी गई। नागरिकों को कुछ साहित्य भी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वे संगठन के साथ-साथ राष्ट्र के समक्ष मौजूद चुनौतियों के बारे में बखूबी अवगत हो सके। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में 6 खंड और 74 मंडल पर विशेष फोकस है। चार नगर और पांच उपनगर पर भी इस काम को पूरी रफ्तार के साथ संचालित किया जा रहा है।

## बसपा कार्यकर्ता शिवरीनारायण गए

**कोरबा।** संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के पुण्यतिथि पर आज शिवरीनारायण में जोन स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए कोरबा के कार्यकर्ता भी रवाना हुए हैं। बसपा जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी, कोरबा विधानसभा अध्यक्ष गज्जू चौहान, कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष राघवेंद्र मनहर, महेंद्र मिरी, महेंद्र निराला, कार्तिक बाई, त्रिवेणी भास्कर, देवश्री पंकज, केशर सोनवानी, राजकुमारी नारंगे सहित अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## स्वर्ण बिंदु बच्चों के लिए विशेष कारगर, सुविधा 8 को

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर'' मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए 'बच्चे रहे स्वस्थ' योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10,11 महानदी कांपलेक्स निहारिका रोड में 8 दिसंबर 2025 सोमवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। बच्चों



के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे जानकारी, उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। डॉ शर्मा ने बताया कि बच्चों को रोगों से लड़ने की शक्ति देने में स्वर्ण बिंदु संस्कार विशेष भूमिका होती है।

# केंद्र के नए श्रम कानून बर्बाद कर देंगे श्रमिकों को

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश ने इस बारे में दिए तर्क

**कोरबा।** केंद्र सरकार ने दिसंबर 2020, 29 श्रम कानूनों को समेट कर चार श्रम संहिता क्रमश वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध सहिता सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्त संहिता 2020 में बदल दिया है। इसकी अधिसूचना जारी हो गई है। भारतीय मजदूर संघ को छोडकर देश के सभी केंद्रीय श्रम संगठन ने विरोध किया है।

एटक कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नए कानून से कमजोर श्रमिक मालिकों की दया पर छोड़ दिए गए है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि पहले से 20 कर्मचारी काम करते थे



तो उस पर फैक्ट्री एबट था किसी फैक्ट्री में 15 लागू होता लेकिन अब उसकी संख्या बढकर 100 कर दी गई है। इससे छोटी कारखाने फैक्ट्री एक्ट कानून के दायरे से बाहर हो जाएंगे। मौजूदा कानून के तहत यदि किसी फैक्ट्री में 100 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं तो उसे बंद करने के लिए सरकार की मंजूरी लेनी होती है जबकि नया कोड में यह संख्या 300 कर दी गई है। यानी अब यदि किसी फैक्ट्री में 300 से कम कामगार काम कर रहे हो तो उसे बंद करने के लिए सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं होगी।

इसी तरह वेतन संहिता 2019 में न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, बोनस भुगतान अधिनियम 1965 तथा समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 को मिला दिया गया है। अका कहना है कि समान वेतन का सपना दिखाकर मजदूरों के हित में बने कानून को चालाको से खत्म कर दिया है। अभी मजदूरों का न्यूनतम वेतन त्रिपक्षीय कमेटी जिसमें ट्रेड यूनियस, कॉर्पोरेट तथा सरकार के प्रतिनिधियों के माध्यम से निर्धारित होती है परंतु नए वेज कोड में सिर्फ सरकार के नौकरशाह द्वारा मजदूरों का पक्ष जाने बिना ही एक तरफा फ्लोरवेज (न्यूनतम वेतन) तय कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से श्रम कानूनों को समेटने का काम किया गया है उसने एक बात साफ होती है कि ट्रेड यूनियनों पर शिकंजा कसने के लिए ही काम किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में मजदूरों के आर्थिक और सामाजिक हितों पर असर पड़ना ही है।

## इकाईयों में बनेगी नई कार्यकारिणी

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कोरबा, कुसमुंडा क्षेत्र में नई कार्यकारिणी बनाने का कार्य शुरु हो चुका है। कुसमुंडा जीएम शाखा में मनीराम व सतीश राजपूत को जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद अब कुसमुंडा प्रोजेक्ट में नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। यहां पर राहुल वर्मा, मोरध्वज भार्गव के पास दायित्व है। पिछले दिनों दूसरे संगठन के लोग बीकेकेएमएस में आए हैं इसलिए इन नए चेहरों को कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। यहां के हिरेंद्र चंद्रा, अमिया मिश्रा के नेतृत्व में बीकेकेएमएस काफी मजबूत हुआ है। दीपका-कुसमुंडा क्षेत्र के महामंत्री रंजय सिंह ने रजगामार इकाई में सबसे पहले चुनाव कराया था। जिसमें सपन जैना, शिवदयाल साहू को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि प्रभारी उत्तम कुलदीप को बताया गया है। जीएम शाखा कोरबा में भी भुवनेश्वर कश्यप को जिम्मेदारी मिलने के बाद यहां की सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इन दोनों स्थानों पर बीकेकेएमएस का ग्राफ बढ़ा है। अब पूरा ध्यान कोरबा पश्चिम के सिंघाली, ढेलवाडीह, बगदेवा क्षेत्र की ओर है। इस क्षेत्र में अशोक सूर्यवंशी प्रभारी हैं। इन इकाईयों में भी निश्चित रूप से संगठन मजबूत होगा।

# अमरैया में डामरीकरण, मेयर ने कहा विकास को बढ़ावा देने पर काम

### पार्षद राठौर की पहल लाई रंग

**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड 14 अमरैयापारा में सड़कों की बेहतरी के लिए काम किया जा रहा है। यहां के 3 रास्तों के डामरीकरण की शुरुआत शुक्रवार को हुई। मेयर संजुदेवी राजपूत व पार्षद प्रभा राठौर ने इसका शुभारंभ किया। क्षेत्र के वरिष्ठजन ने मौके पर पूजा अर्चना की।

मेयर ने इस मौके पर कहा कि यह वार्ड काफी लंबे समय से उपेक्षित रहा। इस वजह से नि:संदेह सभी को दिक्कत हुई। अब नए पार्षद की ठोस कोशिश से समस्याएं न केवल सामने आ रही है बल्कि निराकरण के रास्ते खुले हैं। स्थानीय पार्षद प्रभा राठौर



ने कहा कि बीते चुनाव के समय लोगों से जो वादे किए गए थे उसका ध्यान रखा गया है इसके हिसाब से क्षेत्रों की दिक्कतें समाप्त की जा रही है। आगे जहां कहीं जरूरत होगी, उस पर भी काम करेंगे। पूर्व पार्षद टीकम राठौर ने बताया कि इस वार्ड में सड़क विकास के लिए 25 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। इसके अतिरिक्त 3 करोड़ के अन्य कार्य भी स्वीकृत किये गए है। इनमें मुख्य रूप से बारिश के दौरान पैदा होने वाली जल जमाव की समस्या के निराकरण के प्रोजेक्ट शामिल हैं। जल्द ही इनकी शुरुआत की जाएगी ताकि लोगों को समस्याओं से छुटकारा मिल सके।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com